चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 106, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 15 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### घबराइए मत, हर समस्या का करेंगे समाधान, जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने सुनीं 100 लोगों की समस्याएं, आत्मीयता के पुट में सबको दिया कार्रवाई करने का भरोसा

## हर समस्या का होगा समाधान: योगी




**गोरखपुरः चिंता** नहीं करिए। घबराइए बिलकुल मत, हर शिकायत पर कार्रवाई करेंगे। समस्या कोई हो, हम उसका समाधान करेंगे। आत्मीयता के पुट में यह भरोसा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को दिया। नगर निकाय चुनाव आचार संहिता के कारण करीब एक माह बाद जनता दर्शन आयोजित हुआ। गोरखनाथ मंदिर में पिछला जनता दर्शन कार्यक्रम 9 अप्रैल को लगा था। इस बार करीब 100 लोग अपनी समस्याएं बताने पहुंचे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। उनके प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरितए गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया। एक महिला ने अधिक बिजली बिल में छूट देने की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने उसे भरोसा दिया कि जितना भी संभव होगाए छूट दिलाएंगे। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान लोगों के साथ आये बच्चों को दुलारकर उन्हें आशीर्वाद दिया। उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और चॉकलेट गिफ्ट कर उन्हें खूब पढ़ने के लिये प्रेरित भी किया।

### भोले हैं शिव, बहुत शीघ्र करते हैं भक्तों पर अनुग्रह : योगी

**गोरखपुर। मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भगवान शिव भोले हैं। वह बहुत शीघ्र भक्तों पर अनुग्रह करते हैं। प्राचीन काल से ही सुर-असुर दोनों ने उनकी पूजा की। यह उनका महात्म्य है। तभी वह महादेव कहलाते हैं। शिव का अर्थ ही कल्याण है। मुख्यमंत्री योगी रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय (8 से 14 मई) श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर व्यासपीठ के समक्ष अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी श्रद्धालु सौभाग्यशाली हैं कि आपको एक सप्ताह से शिवावतार गुरु गोरखनाथ की साधनास्थली पर श्री शिव महापुराण के मर्मज्ञ संत बालकदास के श्रीमुख से देवाधिदेव महादेव के विभिन्न रूपों के महात्म्य के श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो संपूर्ण सृष्टि पर भोलेनाथ की कृपा है। देश में उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग व मंदिर हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंग हमारी समृद्ध आध्यत्मिक विरासत होने के साथ सांस्कृतिक दृष्टि से हमें एकता के सूत्र में जोड़ते हैं। पूरब में वैद्यनाथ धाम है तो पश्चिम में सोमनाथ धाम। काशी में बाबा विश्वनाथ धाम तो मध्य प्रदेश में महाकालेश्वर व ओंकारेश्वर धाम। उत्तर के हिमालय पर केदारनाथ विराजमान हैं तो सुदूर दक्षिण में रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के रूप में भगवान शिव का आशीर्वाद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए रामेश्वरम में सेतुबंध का निर्माण किया था ।

## कर्नाटक: पहली कैबिनेट में ही पूरे करेंगे 5 वादे: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को कर्नाटक में पार्टी को मिली जीत के बाद दिल्ली पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में सुशासन लाएगी और उसे नंबर-वन राज्य बनाने के लिए काम करेगी। खड़गे ने आश्वासन दिया कि पार्टी अपने पांच वादों को सरकार बनते ही पूरा करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली स्थित अपने आवास पर पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने पार्टी, पार्टी अध्यक्ष और राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए। इसी बीच खड़गे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी ने तीन केन्द्रीय पर्यवेक्षक भेजें हैं। वे बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे। वहां होने वाले निर्णय के बारे में पर्यवेक्षक पार्टी नेतृत्व को जानकारी देंगे।

### पिछले तीन महीने में महाराष्ट्र से 5610 लड़कियां लापता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले तीन महीने में 5 हजार 610 लड़कियां लापता हो चुकी हैं। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस मामले की विशेष एसआईटी गठित कर गहन छानबीन किए जाने की मांग की है। रुपाली चाकणकर ने लड़कियों और महिलाओं के गायब की विस्तृत जानकारी पुलिस मिसिंग विभाग के प्रमुख को पत्र लिखकर की है। कुछ दिन पहले जब 'द केरल स्टोरी' फिल्म को लेकर देश में माहौल गरमा रहा था।

## समर्थकों के साथ जयपुर की तरफ बढ़ रहे पायलट



**जयपुरः** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार तथा पेपरलीक मामले को लेकर 11 मई को अजमेर से शुरू हुई पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की यात्रा राजधानी जयपुर शहर की सीमा के नजदीक पहुंच रही है। जन संघर्ष यात्रा के चौथे दिन रविवार को सुबह नौ बजे पदयात्रा जयपुर जिले के महला से शुरू हुई। यात्रा का पहला चरण करीब 11 बजे दहमीकला में पूरा हो गया है। अब दहमीकला में दिन का विश्राम होगा। यात्रा दूसरे फेज में दहमीकला से महापुरा के लिए शाम चार बजे रवाना होगी। यात्रा के चौथे दिन की शुरूआत में सुबह से ही हजारों की संख्या में पायलट समर्थक उनके साथ चल रहे हैं। यात्रा के चौथे दिन सचिन पायलट ने कहा कि जनसंघर्ष यात्रा का मकसद किसी का विरोध करना नहीं है, इसका मकसद युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को अधिक बुलंद करना है। भाजपा के राज में हमने गंभीर करप्शन के आरोप लगाए थे। हमें अब जनता के बीच जाकर काम बताने होंगे। जनता में विश्वास तभी रहता है जब हमने जो वादे किए उन पर कार्रवाई हो।

दूसरी तरफ दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सचिन पायलट की यात्रा की टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, रंधावा ने पायलट परिवार से अपने पुराने रिश्तों का जिक्र करते हुए अपने रुख में नरमी के संकेत भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि आप किसी से पूछ लेना मेरे फादर और सचिन के फादर बेस्ट फ्रेंड थे। हमारे पारिवारिक रिश्ते हैं। वो मेरा छोटा भाई है। मैंने पहले भी उससे फोन पर बात की है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को लेकर चलने कोशिश कर रहा हूं।

## प्रवी सूद बने सीबीआई के नए निदेशक

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक प्रवीण सूद को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अगला निदेशक नियुक्त किया गया है। सूद का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। वे आगामी 25 मई को कार्यकाल पूरा करने वाले सुबोध जायसवाल का स्थान लेंगे। सीबीआई के नए निदेशक के चयन के लिए शनिवार को उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक हुई थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल हुए। बैठक में तीन नामों का चयन किया गया और नए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त व सदस्य लोकपाल के नामों पर भी चर्चा हुई। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने प्रवीण सूद के नाम को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के एक आदेश में इसकी जानकारी दी गई है।

## मप्र में बनेगा कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड: शिवराज



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सागर में कुशवाहा समाज के संभागीय सम्मेलन में 10 करोड़ रुपये की लागत से लव कुश मंदिर और धर्मशाला निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए पांच करोड़ और धर्मशाला के लिए पांच करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्थल चयन के लिए कुशवाहा समाज को जिम्मेदारी सौंपी। जो स्थान चयनित होगा, उसी स्थल पर एक छात्रावास भी बनेगा। साथ ही मुख्यमंत्री चौहान ने मध्यप्रदेश में कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अध्यक्ष को मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान रविवार को सागर में अखिल भारतीय कुशवाहा समाज के संभाग स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा जिनको पढ़ाई के बाद रोजगार उपलब्ध नहीं हुआ है, उनको काम सीखने के लिए स्थान तय किए जा रहे हैं, जिससे वे कार्य सीख कर किसी उद्योग-धंधे में लग सके। काम सीखने के दौरान उन्हें 8 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। उन्होंने सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने सागर जिले के लिए 865 करोड़ 91 लाख रुपये की तीन नल-जल योजनाओं का भूमि-पूजन किया। नल-जल समूह योजना से 520 ग्रामों में पाइप लाइन बिछा कर घर-घर पानी पहुँचाया जायेगा। इनमें 202 करोड़ 99 लाख रुपये की सानौधा-मढ़िया जल-प्रदाय योजना शामिल है, जिसके पूरा होने पर 77 ग्राम लाभान्वित होंगे। सानौधा-बंडा जल-प्रदाय से 56 गाँव के घरों को लाभ मिलेगा। योजना की लागत 166 करोड़ 67 लाख रुपये आयेगी।

## 'निम्न व मध्यम आय वाले देशों में हो डिजिटल सक्षम ढांचे का विकास'

**नई दिल्लीः** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने जापान के नागासाकी में स्वास्थ्य नवाचार पर जी7 मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों का उपयोग सक्षम एवं समानता लाने की दिशा में जरूरी है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं का वितरण एवं सार्वभौमिक कवरेज हासिल करने में सहायता मिलती है। कोविड-19 महामारी ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को आगे बढ़ाया है। ऐसे में निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में एक सक्षम ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। यह बैठक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करने की दिशा में डिजिटल स्वास्थ्य जैसे नवाचार की प्राथमिकताओं, कार्यान्वयन और उपयोग पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में जी7 सदस्य देशों और आमंत्रित आउटरीच 4 राष्ट्रों- भारत, इंडोनेशिया, वियतनाम एवं थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्रियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री ने आगे डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत के कोविड-19 टीका वितरण मंच को-विन से करोड़ों लोगों को टीका लगाना तथा प्रमाण पत्र वितरित करना आसान हुआ है। इसी तरह राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म- ई-संजीवनी के माध्यम से पहले ही 11.5 करोड़ से अधिक की संख्या में नागरिकों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया है। इससे यह विश्व का सबसे बड़ा टेलीमेडिसिन मंच बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने नए और विकसित उपकरणों से प्राप्त होने वाले लाभों को उठाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इनसे सही समय पर सही व्यक्ति का सही उपचार सुनिश्चित हो सकता है।

## देवभूमि को आयुष प्रदेश बनाने के लिए सरकार संकल्पित : धामी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण ही आज योग,आयुर्वेद और होम्योपैथी पद्धति समेत तमाम प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियां अपना विलुप्त होता वैभव पुनः प्राप्त कर रही हैं। उत्तराखंड सरकार देवभूमि को आयुष प्रदेश बनाने के लिए कृत संकल्पित है। रविवार को दून विश्वविद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन होम्योकॉन- 2023 का शुभारंभ के मौके पर यह बातें कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने होम्योपैथिक पर बनी डॉक्यूमेंट्री को लांच किया। होम्योपैथी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुअल क्रिश्चियन हैनिमैन का स्मरण करते हुए कहा कि होम्योपैथी के रूप में एक ऐसी उपचार पद्धति विकसित की,जो अत्यंत कारगर होने के साथ-साथ किफायती भी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीर ही सारे कर्तव्यों को पूरा करने का एकमात्र साधन है।




### सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने 'बुल्स आई' को सफलतापूर्वक हिट किया

## गाइडेड डिस्ट्रॉयर 'मोरमुगाओ' से दागी ब्रह्मोस मिसाइल



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने पहली बार गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मोरमुगाओ से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की फायरिंग करके 'बुल्स आई' को सफलतापूर्वक हिट किया। स्वदेशी जहाज और शक्तिशाली ब्रह्मोस ने एक साथ प्रदर्शन करके समुद्र में भारत की आत्मनिर्भरता और भारतीय नौसेना की मारक क्षमता के एक और चमकदार प्रतीक को चिह्नित किया है। नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। बयान में आगे कहा गया है कि मिसाइल का परीक्षण गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर वारशिप आईएनएस मोरमुगाओ से किया गया है। मिसाइल में स्वदेशी सामग्री बढ़ाने पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस लगातार काम कर रहा है।

आईएनएस मोरमुगाओ की डिजाइन भारतीय नौसेना के स्वदेशी संगठन ने तैयार की है। इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मुंबई ने किया है। आधुनिक हथियारों से लैस परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध में सक्षम 'मोरमुगाओ' जहाज भारतीय नौसेना की नई ताकत है, जिसे ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस किया जाना है। इसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में पिछले साल 18 दिसंबर को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया था।

# 14 वार्डों में शोएब को 11 वार्डों में मिली जीत, तीन में हार

## मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र : वार्ड 3 , 4, 12 में मिली हार, जबकि सर्वाधिक मत वार्ड 9,13,11 में मिले



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा में चौथीबार समाजवादी पार्टी के शोएब अंसारी चौदह वार्डों में से ग्यारह वार्डों में जीते जबकि तीन वार्डों में हार हो गई। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन पूरा काजी पसियान में शोऐब अंसारी को 240मत मिले जबकि भाजपा के आलम को 315 मत मिले, वार्ड संख्या बारह में शोएब अंसारी को 219 तथा 431 मत भाजपा के आलम को ,वार्ड संख्या चार मौलाना से शोऐब को 2 59 तथा भाजपा के आलम को 312 मत हासिल हुआ। शोएब अंसारी को सर्वाधिक मत वार्ड नौ महतवाना 588मत तथा भाजपा के आलम को 120 मत मिले,वार्ड संख्या तेरह अबूहीम पटटी से शोएब अंसारी को 584 मत भाजपा के आलम को 149 ,वार्ड संख्या ग्यारह हजियाना में शोएब अंसारी को 461 मत जबकि भाजपा के आलम को 73 मत से संतोष करना पडा ग्यारह वार्डों भाजपा के आलम को बुरी तरह हार झेलनी पड़ती। इस प्रकार सपा के शोएब अंसारी को 5446मत प्राप्त हुए भाजपा के आलम को 2902 मत मिले।बसपा हर बार की तरह इस बार 113 अय्यूब अंसारी को मिले जबकि अवैध मतों की संख्या 564 रही। सपा के शोएब अंसारी चौथीबार लगातार भाजपा के मोहम्मद आलम को 2644 मतों से पराजित कर इतिहास रचे।

### शोएब अंसारी के घर पर जीत के दूसरे दिन भी रहा जश्न का माहौल


**दूर दराज गांवों से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा ,सपाइयों में खुशी की लहर**

**मऊआइमा।** चौथीबार लगातार जीत का मुकुट पहनने वाले सपा के शोएब अंसारी के घर पर दूसरे दिन जश्न का माहौल रहा। तथा दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से मिलने वालों की भीड उमडी रही तथा बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मिष्ठानों का वितरण भी लगातार जारी रहा। इस जीत से सपाईयों ने जमकर कर नारे लगाए। सोरांव विधायक गीता पासी, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, मेराज आरिफ ,संजीव आर्या, नूर उद्दीन सैफी, छेदीलाल यादव, सुभाष यादव, श्याम सिंह बच्चा, आसिफ अब्बसी, राम चन्द्र यादव, राम सजीवन यादव ,अजय जायसवाल आदि ने बधाई दिए।

### सबसे कम उम्र के सदस्य बने दिलशाद जबकि सबसे बुजुर्ग महिला शकीला बानों बनी सदस्य

**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा में शनिवार को सम्पन्न हुए चुनाव में सबसे कम उम्र के वार्ड संख्या 13 अबूहीम पटटी से युवा प्रथम बार दिलशाद 26 वर्ष नगर के सदस्य बने जबकि सबसे बुजुर्ग महिला शकीला बानों सदस्य पहली बार वार्ड संख्या नौ महतवाना से शकीला बानों 57 वर्ष पत्नी अतीक अहमद नगर सदस्य बनने का श्रेय प्राप्त हुआ है।

### व्यापार मंडल नैनी के अध्यक्ष निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जायसवाल बने पार्षद, व्यापारियों में खुशी



**नैनी।** नगर निगम के वाड-२० चकरघुनाथ से निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जायसवाल ने बीजेपी प्रत्याशी मंगला प्रसाद केसरवानी को १४७ वोट से हराकर जीत हासिल की। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जायसवाल ने बताया कि यह मेरी जीत नहीं यह जनता की जीत है। जहां देर शाम राकेश जयसवाल अपने समर्थकों के साथ सभी से मुलाकात कर अभिवादन किया। इस दौरान उनकी पत्नी आंकाक्षा जायसवाल, मोनू जायसवाल, गुड्डू वर्मा गुडविल गैरेज संजय जयसवाल चंदबली जाट मुन्ना शर्मा,धर्मराज पटेल, दिनेश केसरवानी, उत्तम केसरवानी, आदि लोग रहे।

### निर्दल अनुराधा सिंह के आगे लवायन में कमल मुरझाया



**नैनी।** नगर निकाय चुनाव 2023 में प्रयागराज के अधिकांश वार्डो पर निर्दल उम्मीदवारों ने पार्टी से टिकट न पाकर बागी के रूप ने निर्दल पर्चा भरकर जनसमर्थन प्राप्तकर लड़ाई को इस कदर रोचक बना दिया कि शनिवार को मुंडेरा मंडी में घोषित परिणाम को देख सुनकर लोग आश्चर्य चकित हो गये।परिणाम को देखकर पार्टी कार्यकताओं ने टिकट वितरण करने वाले पार्टी नेतृत्व पर ही उंगली उठाना शुरू कर दिया है।तो निर्दल के रूप में लड़े प्रत्याशियों ने कमल के लहर को नकारते हुए जीत दर्ज कर इतिहास के पन्नो में अपना नाम दर्ज किया है।जंहा वार्ड सँख्या 33 के लवायन से अनुराधा सिंह पत्नी धरनीस सिंह उर्फ मंचो ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव चिन्ह छाता पर चुनाव लड़कर भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ रही शीला शुक्ला पत्नी मुकेश शुक्ला को 433 मतों से जबरजस्त शिकस्त देकर पार्षद की कुर्सी पर कब्जा जमाया।जो अपनी जीत का श्रेय अपने पति धरनीस सिंह उर्फ मंचो के साथ समर्थकों व मतदाताओं को दे रही है।परिसीमन में पहले लवायन का वॉर्ड 33 पुरुष सीट थी।जिस पर धरनीस ढाई वर्ष से एक एक घर पहुँचकर लोगो के सुखदुःख में बराबर की सहभागिता करने के साथ उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण का हर संभव प्रयास करते थे।इसी प्रकार अरैल के वार्ड संख्या 47 से सरिता देवी पत्नी प्रदीप महरा न निर्दल के रूप में चुनाव चिन्ह कार पर सवार होकर भाजपा प्रत्याशी प्रभा विश्वकर्मा को 961 मतों से हराकर शानदार जीत दर्ज की।इसी तरह से अनेकों वार्डो में निर्दल प्रत्याशियों ने अपनी जीत सुनिश्चित कर पार्टियों को नकारा है।

### जायसवाल महासभा ने स्वजातियों विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी



**नैनी।** अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा की इकाई उत्तर प्रदेश ने नगर निगम, नगर पंचायत व नगर पालिका चुनाव के विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी है तथा प्रयागराज नगर निगम में निर्दल पार्षद राकेश जायसवाल भाजपा पार्षद दिलीप कुमार जायसवाल, पंकज जायसवाल, रूद्रसेन जायसवाल, किरन जायसवाल व हंडिया से लक्ष्मी जायसवाल को बधाई देते हुए महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कराने सक्षम होंगे तथा अपने मतदाताओं की हर स्तर पर सहयोग करके मतदाताओं का दिल भी जितने का कार्य करेंगे तभी आगे बढ़ने में मार्ग प्रशस्त होगें। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव कुमार जायसवाल ने दी। बधाई देने में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव चन्द जायसवाल, महासचिव आशीष जायसवाल, महासचिव युवा आशीष जायसवाल पत्रकार,प्रदेश प्रभारी महिला इकाई मीना जायसवाल, कार्यक्रम प्रभारी प्रीती रानी जायसवाल, आनंद जायसवाल पत्रकार, राहुल जायसवाल पत्रकार, महिला इकाई जिलाध्यक्ष बबिता जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

### नवनिर्वाचित पार्षद शिवनरायन का हुआ स्वागत



**झूंसी।** छतनाग वार्ड 45 से निर्वाचित पार्षद शिव नारायण यादव का रविवार को छतनाग में स्थानीय लोगो ने भव्य स्वागत किया। पार्षद को लोगो ने माला पहना कर मिठाई खिलाई और जीत की बधाई दी। निर्वाचित पार्षद शिव नरायण यादव उर्फ घुंनु ने स्थानीय लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने जिस तरह वोट के रूप में अपना प्यार देकर पार्षद बनाया है। हम आप के साथ हमेशा खड़े रहेगे और क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर शिव शंकर, विजय सिंह ,मुन्ना यादव, जय प्रकाश पटेल, मनीष, संजय पांडेय, अमर सिंह, लाल चन्द्र, भगत, भैया राम, ननकू, परशुराम, सबलू भारतीय, सुरेन्द्र भारतीय, राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### बेथनी कॉन्वेंट स्कूल की अराधिता ने बाबा का सपना किया साकार



**नैनी।** अराधिता ने बिना कोचिंग,ट्यूशन के हाईस्कूल परीक्षा में हासिल किया 92.5 प्रतिशत अंक, सिविल सर्विसेज में जाने की इच्छा जताई। नैनी के खरकौनी में रहने वाले भारतीय विद्या भवन ज्योतिष संकाय के पूर्व प्रधानाचार्य त्रिवेणी प्रसाद त्रिपाठी, ज्योतिषाचार्य की पौत्री और पत्रकार सूर्य प्रकाश त्रिपाठी एवं आराधना त्रिपाठी की बड़ी बेटी आराधिता त्रिपाठी ने बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में यूकेजी से पढ़ाई शुरू की थी। बिना किसी कोचिंग और ट्यूशन के उन्होंने यह सफलता हासिल करके घर परिवार का नाम रोशन किया है। आगे चलकर सिविल सर्विसेज में जाने की इच्छुक आराधिता त्रिपाठी का इंग्लिश और सोशल साइंस फेवरेट सब्जेक्ट है। सोशल साइंस में आराधिता त्रिपाठी को 98 अंक हासिल हुए हैं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने प्रिंसिपल सिस्टर शिल्पा और वर्तमान प्रिंसिपल सिस्टर शमिता के अलावा अपनी क्लास टीचर और शिक्षक मोहम्मद साबिर एवं दीपक कुमार के साथ-साथ अपने माता-पिता को दिया है बेथानी कॉन्वेंट स्कूल के 12वी के प्रियांशु सिंह ने 97% मार्क्स पाकर स्कूल टॉप किया है। युवराज सिंह को 95.6 % अंक मिला है। वह दूसरे स्थान पर है। वहीं भव्या अग्रवाल ने 91.6% अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। दसवीं कक्षा में इसी प्रकार अंतरिक्ष सेन ने 96% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्या सिंह ने 95% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सानिध्य मिश्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर शमिता ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी

### श्रेयस करुणेश त्रिपाठी ने हाईस्कूल में 90% अंकों से आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा पास किया



**जंघई।** आईसीएसई बोर्ड द्वारा रविवार को 10, 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। श्रीनिवास रामानुजन पब्लिक स्कूल प्रयागराज से श्रेयांस त्रिपाठी पुत्र करुणेश त्रिपाठी कार्यालय अधीक्षक नागरिक पीजी कॉलेज जंघई ने 90% अंक पाकर परीक्षा 10 वीं की उत्तीर्ण किया। श्रेयस द्वारा सर्वोच्च अंकों के साथ परीक्षा पास करने पर माता पिता, परिजनों के अलावा नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने श्रेयस को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### महेंद्र प्रताप सिंह पब्लिक स्कूल के अपूर्व किया टॉप

**झूंसी।** अंदावा स्थित महेंद्र प्रताप सिंह पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले हाईस्कूल के छात्र अपूर्व केशरवानी 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हाशिल किया है। जानकारी देते हुए स्कूल की निदेशक उषा हेमिल्टन ने बताया कि हाईस्कूल की सौम्या यादव, कुँवर ऋजुल प्रताप सिंह, शास्वत सिंह, आर्यन शरोज ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। वही यशस्वी, मो. वारिस हासमी, अमृता मिश्रा, उत्कर्ष पांडेय, संचित सक्सेना ने का 80 प्रतिशत से अधिक अंक रहा। विद्यालय के ट्रस्टी गोल्डी सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सर्व प्रथम में नगर पंचायत की नई खतौनी के लिए लड़ूंगा, चाहे धरना देना पडे : शोएब अंसारी

**हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद आज तक राजस्व विभाग नई खतौनी सर्वे करके नहीं बनाया**

**मऊआइमा।** शनिवार को जीत का प्रमाण पत्र लेते समय चौथीबार जीत का ताज पहनने वाले शोएब अंसारी ने कहा कि वह सबसे पहले नगर पंचायत मऊआइमा की नई खतौनी के संघर्ष करुंगा।चाहे इसके लिए मुझे धरना पर बैठना पडे। मऊआइमा नगर पंचायत अध्यक्ष का चौथीबार जीत का सेहरा पहनने वाले शोएब अंसारी ने जीत का प्रमाण पत्र लेते हुए शनिवार. को कहे कि वह अब सबसे पहले हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद नगर क्षेत्र की कटी फटी जीणशीर्ण हो चुकी नई खतौनी बनवाने के लिए संघर्ष करुंगा। आज चौथीबार की जीत जो मिली है वह आम जनता के अलावा गरीब, आसहायों ,विधवाओं, यतीमों आदि की दुआओं का नतीजा है। शोएब अंसारी ने कहा कि में एक साधारण परिवार से हूँ। जैसे हर वार्ड में घूम कर समस्याओं को देखता था वैसे ही देखूंगा। गरीबों, आसहायों, मरीजों, विधवाओं ,यतीमों आदि की जैसे मदद करता रहा हूँ वैसे करता रहूंगा। नव निर्वाचित चेयरमैन के साथ मेराज आरिफ, आसिफ अब्बसी, शौकत अली, जावेद अख्तर, उमैर जलाल, नूर उद्दीन सैफी, वासिक, ग्राम प्रधान तीरथ यादव, कौशरगयास ,दानिश अंसारी, मुन्ना, फरोग महमूद ,आदि बडी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## किसान परिवार के बेटों ने क्षेत्र व परिवार का नाम किया रोशन

### सीजीएल परीक्षा पास कर आशीष पीडब्ल्यूडी में डिविजनल एकाउंटेंट तो दुर्गेश इनकम टैक्स में बने टैक्स असिस्टेंट

अखंड भारत संदेश





**रत्योरा।** किसान परिवार के दो बेटों ने क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन किया है। क्षेत्र के सैम्हा गांव के रहने वाले छात्र आशीष कुमार सिंह पुत्र बालेश्वर प्रसाद सिंह ने कैग की सीजीएल परीक्षा पास कर पीडब्ल्यूडी विभाग में डिविजनल एकाउंटेंट के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इसी प्रकार किसान परिवार से ही ताल्लुक रखने वाले दुर्गेश कुमार सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी अंबेडकरनगर कोरांव ने उपरोक्त परीक्षा पास कर इनकम टैक्स में टैक्स असिस्टेंट के पद पर चयनित हुए हैं। छात्र आशीष कुमार सिंह क्षेत्र के सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो से पढ़ाई की है तो दुर्गेश कुमार सिंह गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव के विद्यार्थी रहे हैं। दोनों छात्रों की उपलब्धि से किसान परिवारों में खुशी का माहौल है। छात्रों की इस उपलब्धि पर सरदार पटेल इं. कॉलेज सिकरो के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने दोनों सफल छात्रों के घर पहुंच कर माल्यार्पण करते हुए मुंह मीठा कराया और बधाई दी। छात्र आशीष सिंह ने अन्य प्रतियोगी छात्रों को संदेश दिया है कि वे नियमित अपने सभी विषयों का अध्ययन करें। एक बार में सफलता न मिलने पर हताश व निराश न हो दूसरी बार परीक्षा में शामिल हो लगातार मेहनत व परिश्रम से एक न एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। छात्रों को बधाई देने के दौरान प्रमुख रूप से अमरपाल सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, जयप्रकाश सिंह, रमाशंकर सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### सीढ़ी से गिरने पर ठेकेदार की गई जान

**सहसों।** थानापुर गांव में नवनिर्मित सीढ़ी को पानी से तराई करते समय सीढ़ी से फिसल कर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल ठेकेदार की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थानापुर गांव निवासी अजय सिंह 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हरिबक्श सिंह शनिवार की शाम नवनिर्मित सीढी को पानी से तराई कर रहे थे। अचानक पैर फिसल जाने के कारण गिर पड़े। जिससे सिर में गंभीर चोट आ गई। सूचना पर पहुंचे उनके पुत्र गौरव पिता की हालत देखकर सदमे से विक्षिप्त होकर देर तक पिता के पास बैठे रह गए। पहुंचे परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए प्रयागराज ले गए जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अजय सिंह ठेकेदारी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी असामयिक निधन से परिजन सहित क्षेत्र के अन्य लोगों में शोक व्याप्त है।

## घर के सामने खड़ी टैक्टर ट्राली चोरी सीसी कैमरे में वारदात कैद



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मरखा मऊ में घर के सामने खडी नई ट्रैक्टर ट्राली को दो बाइकों से आए चोरों ने उडा दिए। कई स्थानों पर सीसी कैमरे में ट्राली ले जाते हुए तसवीर कैद हो गई है। पुलिस ने कतिय संदिग्धों को उठा कर पूछताछ कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी अरूण कुमार उर्फ पप्पू पुत्र स्वर्गीय पन्ना लाल विश्वकर्मा ट्रैक्टर ट्राली मिस्त्री हैं। बताया गया है कि एक नई ट्राली बना कर वह अपने घर के सामने मरखामऊ में खडी किए हुए था। बीती रात चोरों ने दो बाइकों से चार चोर आए दूर दूर तक लोकेशन लेते हुए कई स्थानों पर लगे सीसी कैमरे में चोरी की ट्रैक्टर ट्राली कैद हो गई है। सीसी कैमरे में छपाई बाग, भारत फर्नीचर ,गंजियाबार ,आदि स्थानों पर लगे कैमरे में तसवीर कैद हो गई है। पुलिस कई संदिग्धों को उठा कर पूछताछ कर रही है। अरूण कुमार उर्फ पप्पू मिस्त्री ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

### घर में घुसकर हजारों की चोरी



**लेडियारी।** कोरांव थाना क्षेत्र के खिवली कला बिती रात कुछ अग्यात चोरों द्वारा एक घर में घुसकर शनिवार की रात अनाज एवं मोबाइल नगदी कैश समेत चोरी करने में सफल हो गऐ घटना की जानकारी परिवार द्वारा अग्यात लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई । तहरीर मिलते ही बडोखर चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर जानकारी परिवार जनों से लेने के बाद मोबाइल का आई एम आई नम्बर खोज कर देने पर सर्विलांस पर लगाने की बात कर चले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोम धर शुक्ल पुत्र रामसजीवन शुक्ल निवासी ग्राम खिवली कला के शनिवार के रात घुस कर गेहूं भरी बोरिया सरसो मोबाइल एवं तीन हजार नगद चूरा ले गए।

### चोरी की तीन मोटरसाइकिल व दो अदद देसी जिंदा बम के साथ दो गिरफ्तार

**रत्योरा।** कोरांव पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिल व दो अदद देसी जिंदा बम के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे के आसपास मुखबिर खास से सूचना मिली की चोरी की तीन मोटरसाइकिल दो अभियुक्त बेचने के फिराक में है। जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और बताए हुए स्थान की घेराबंदी करते हुए अभियुक्त पुजारी पाल पुत्र बचाई पाल व रामधनी पाल पुत्र हिंच लाल पाल निवासी गण मेजा खास थाना मेजा प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की तीन अदद मोटरसाइकिल व दो अदद देसी जिंदा बम बरामद हुआ है। जिसके बाद विधिक कार्रवाई कर दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हेमेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक बृजेश सिंह, उप निरीक्षक अनुज राय, हेड कांस्टेबल भरत सिंह यादव, रामसहाय यादव, कांस्टेबल राहुल गौड़ शामिल रहे।

## आशुतोष मेमोरियल स्कूल में धूम धाम से मनाया गया मातृ दिवस



अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** धनैचा-मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनया गया इसअवसर पर 250 से अधिक स्कूल के बच्चों की माताएं विद्यालय में मौजूद रही। कार्यक्रम का प्रारंभ माता द्वार दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित माताओं का स्वागत करते हुए विद्यालय के चेयरमैन प्रो. जेपीएन मिश्रा ने कहा कि मई माह के दूसरे रविवार को इस पावन पर्व को मनाने का उदेश्य बच्चों द्वारा अपनी माँ के प्रति प्रेम और सम्मान को न केवल प्रदर्शित करण बाल्की और प्रगाढ करना है` ममता और स्नेह के इस रिश्ते को संसार का सबसे खूबसूरत रिश्ता कहा जाता है। प्रो. मिश्रा ने माताओ से यह भी अनुरोध किया की वे अपने बच्चों को प्यार के साथ संस्कार भी अवश्य दें। इस अवसर पर विद्यालय की समन्वयक अदिति सिंह ने विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिकाओं के साथ मिलकर बच्चों और मां के रिश्ते पर मनमोहक कार्यकर्मों का गुलदस्ता प्रस्तुत कराया। इस में मां के ऊपर लेख और चित्रकला, माताओं का अपने बच्चे के साथ नृत्य, डांसिंग चेयर प्रतियोगिता , हूला हूप, गुब्बारा प्रतियोगिता और कैटवॉक जैसे कार्यकर्मों नहीं उपस्थित माताओं को आनंदित कर दिया` इस अवसर पर ट्रस्टी ममता पांडेय, मनोरमा सिंह एवम अनेक अन्य गणमान्य महान्यभाव उपस्थित रहे।

### जीवन में मां का स्थान महत्वपूर्ण होता है : धर्म चंद्र

**सहसों।** मातृत्व दिवस के मौके पर रविवार को फूलपुर के नरई गांव में कार्यक्रम के आयोजन में पतंजलि योगसाहित्यानुसंधान विभाग हरिद्वार के योगाचार्य धर्म चंद ने कहा कि जीवन में मां का स्थान बहुत महत्वपूर्ण होता है। इंसान कितनी भी शिक्षा प्राप्त कर लें लेकिन मां द्वारा दी गई बचपन में शिक्षा उसके जीवन में जो प्रभाव डालती है उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। योगाचार्य ने आगे कहा कि मां ही वह सीढ़ी है जिस पर चढ़कर बच्चा अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है और सीढ़ी वही की वही रहती है। वीर शिवाजी हो या विवेकानंद, निराला ,मैक्स मूलर बराक ओबामा या वर्तमान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी की महानता के पीछे मां का आशीर्वाद रहा है। मां के त्याग की तुलना किसी संत महात्मा से भी महान माना गया है अर्थात माता की तुलना किसी से भी नहीं किया जा सकता।यही कारण है कि मैक्सिस गोरकी द्वारा लिखित उपन्यास मां दुनिया के श्रेष्ठ उपन्यासों में गिनती होती है। बचपन में मां द्वारा बनाई गई रोटी नमक के साथ मिलाकर खाने में जो स्वाद आते थे वह जैसे अपना हो गया है। कोरोना कॉल में मां के आकस्मिक निधन पर भावुक होते हुए हुए योगाचार्य धर्मचंद्र जी ने कहा कि आज जीवन में सब कुछ है लेकिन मां नहीं है। मां का नाम निराश व्यक्ति के जीवन में आशा का प्रकाश है। संसार का कोई भी व्यक्ति मां के अहसानों को चुका नहीं सकता। लोगों को संबोधित करते हुए योगाचार्य धर्मचंद्र ने मां के साथ धोखेबाजी हम देश के साथ गद्दारी कभी ना करें करने की शपथ दिलाई। मौके पर रामचंद्र गुप्ता, कमल सिंह, राजेन्द्र कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## चिकित्सक बन अनुष्का व स्वास्तिक बढ़ायेंगे अपने माता पिता का मान





**फूलपुर।** सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्वास्तिक व अनुष्का ने अपने माता-पिता का मान बढ़ाया । फूलपुर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व निवर्तमान विहिप जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मौर्य की पुत्री अनुष्का मौर्य ने झूंसी क्षेत्र के सेन्ट्रल एकेडमी से दशवीं की परीक्षा में 91% अंक पाकर जहां विद्यालय का नाम रोशन किया। वही अपने माता-पिता का भी मान बढ़ाया है। अनुष्का मौर्य का लक्ष्य एक सफल चिकित्सक बनने का है। जिसके लिए वह अभी से ही तैयारी के लिए राजस्थान के कोटा में पढ़ने के लिए प्रवेश ले लिया है। अनुष्का ने बताया कि वो अपनी मां संगीता मौर्य के मार्गदर्शन में घर पर ही 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती थी। परीक्षा परिणाम की जानकारी होते ही विहिप नेता के घर बधाई देने के लिए स्थानीय पदाधिकारियों का ताता लग गया। फूलपुर नगर के भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता व भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र विश्वकर्मा ने अनुष्का मौर्य की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसे आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया साथ ही मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार किया। वही सेंट्रल एकेडमी के ही छात्र स्वास्तिक जायसवाल ने भी दशवीं की परीक्षा में 97.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान के साथ जिले की उत्कृष्टता सूची में विद्यालय का नाम दर्ज कराया। बाबूगंज बाजार निवासी स्वास्तिक जायसवाल के पिता नारायण दास जयसवाल जो एक चिकित्सक के साथ एक्स रे टेक्निशियन भी हैं। जो अपने बेटे के सपने को साकार करने की सोच रखते हैं। स्वास्तिक जयसवाल का लक्ष्य भी एक सफल चिकित्सक बनना है। स्वास्तिक ने बताया कि मेरी सफलता का श्रेय माता निधि जायसवाल व पिता नारायण दास जयसवाल तथा स्कूल के शिक्षकों को जाता हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ए के पाण्डेय और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं स्वास्तिक जयसवाल व अनुष्का मौर्य सहित सफल छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# बेकाबू कार ने परिवार को रौंदा, 4 की मौत, घर के बाहर बैठे थे सभी मृतक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में शनिवार रात बड़ा हादसा हो गया। यहां घर के बाहर बैठे 5 लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 5 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मरने वालों में पति-पत्नी और 7 साल का बेटा शामिल हैं। घटना सोरांव थाना के नहर ददौली लकड़मंडी चौराहे की है।

**शवों को रखकर ग्रामीणों ने लगाया जाम :**
घटना के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शवों को प्रतापगढ़-प्रयागराज हाईवे पर रखकर चक्का जाम कर दिया। नाराज ग्रामीण डीएम और सीएम को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। एसडीएम सोरांव सार्थक अग्रवाल समेत प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। वह ग्रामीणों को काफी देर तक समझाते रहे, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे। काफी मशक्कत के बाद देर रात पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों को शांत कराकर जाम खुलवाया। इसके बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

**हादसे में 4 की मौके पर मौत :**
मृतक 35 वर्षीय राजेंद्र साहू का परिवार गांव गधिना में रहता है। जबकि वह पत्नी और दो बच्चों के साथ सोरांव में रहते थे और बर्तन की दुकान चलाते थे। शनिवार रात वह परिवार के साथ घर के बाहर बैठे थे, तभी अचानक प्रतापगढ़ की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने राजेंद्र के पूरे परिवार को रौंद दिया। इसके बाद कार पलट गई। हादसे में राजेंद्र साहू, उनकी पत्नी सरिता, बेटा अर्णव और ग्राहक लल्लू (50) की मौके पर ही मौत हो गई। राजेंद्र के भतीजे परमजीत की 13 दिन बाद शादी है।

**नाराज लोगों ने कार में की तोड़फोड़ :**
हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। जबकि ड्राइवर लोगों के बीच फंस गया। हालांकि गनीमत रही कि पुलिस समय पर पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। जबकि गुस्साए लोग कार में तोड़फोड़ करने लगे। गाड़ी को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। इंस्पेक्टर सोरांव अशोक कुमार का कहना है कि हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है। जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## सूबे के 1241 केंद्रों पर हुई पीसीएस-2023 की प्रारंभिक परीक्षा, इतिहास और भूगोल के सवालों ने उलझाया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पीसीएस - 2023 की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को प्रदेश के 1241 केंद्रों पर हुई। परीक्षा शुरू होने के कुछ घंटे पहले तक अभ्यर्थी अपनी प्रवेश पत्र डाउनलोड करते रहे। दो दिन से वेबसाइट हैंग होने के कारण अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में काफी दिक्कत हुई। शनिवार देर रात तक इसके लिए जद्दोजहद होती रही।रविवार को सुबह से ही साइबर कैफे और अन्य इंटरनेट माध्यमों से डाउनलोड करने का प्रयास करते रहे। परीक्षा में कुल 150 प्रश्न पूछे गए थे जिसमें भारतीय इतिहास, भूगोल और अर्थव्यवस्था से जुड़े सवालों ने अभ्यर्थियों को उलझा दिया। सामयिकी और पर्यावरण के सवालों ने भी पसीना छुड़वा दिया।पीसीएस-2023 की प्रारंभिक परीक्षा 14 मई को प्रदेश के 1241 केंद्रों में आयोजित की गई। आयोग ने अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र काफी पहले जारी कर दिए थे, लेकिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने समय रहते प्रवेश पत्र डाउनलोड ही नहीं किए और इसकी वजह उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ा। पीसीएस-2023 के तहत 173 पदों के लिए प्रदेशभर के 51 जिलों में 1241 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में प्रारंभिक परीक्षा के लिए 5,67,656 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा दो पालियों में सुबह 9.30 से 11.30 बजे और 2.30 से 4.30 बजे तक हुई। परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट पहले केंद्र पर प्रवेश बंद कर दिए गए। अभ्यर्थियों को केवल काली बॉल पेन का ही इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। नकल विहीन परीक्षा के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। अधिकारी भी चक्रमण करते रहे।

## छात्र नेता अजय यादव को जान से मारने की धमकी, कहा-सुधर जाओ



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करने वाले छात्र नेता अजय यादव सम्राट को एक बार फिर जान से मारने की धमकी दी गई है। फोन करने वाले ने कहा कि बहुत बड़े नेता बन रहे हो न सुधर जाओ नहीं तो जान से जाओगे और धर वालों का अपहरण भी करा देंगे। फोन पर अजय के साथ अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया गया है। अजय ने कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

**आंदोलन किया तो घर भेज दी पीडीए ने नोटिस :** कुलपति की अवैध नियुक्ति, 400% शुल्क वृद्धि के विरोध में 1030 दिनों से लगातार छात्र नेता अजय यादव सम्राट की अगुवाई में आंदोलन चल रहा है। धमकी मिलने के बाद अजय सम्राट ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में विगत 1030 दिनों से लगातार आंदोलन कर रहा हूं।छात्र हितों को लेकर विश्वविद्यालय में व्याप्त तानाशाही के खिलाफ हमारा अभियान जारी है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। आंदोलन को तोड़ने के लिए लगातार विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा षड्यंत्र रचा जा रहा है। आंदोलन को तोड़ने के लिए घर पर पीडीए की टीम भिजवाई गई। घर वालों को पुलिस प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किया गया। मेरा दाखिला निरस्त कर दिया गया।

**अजय ने कहा- मेरे साथ कुछ अनहोनी हुई तो वीसी होंगी जिम्मेदार :** 12 मई की रात 10 बजे एक नंबर से मेरे पास फोन आता है। मुझे जान से मारने की धमकी दी जाती है। घरवालों को अपहरण करने तथा तेजाब फेंकने की धमकी भी दी गई है। जब मैंने पता पूछा तो उसने फोन काटा दिया। लगातार मुझे फोन पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है।कर्नलगंज कोतवाली में इससे पहले भी अक्टूबर 2022 में जान से मारने की धमकी की एफआईआर दर्ज कराई थी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अजय यादव ने तहरीर में कहा है कि यदि मेरे ऊपर जानलेवा हमला होता है या मेरे परिवार के साथ कोई भी अनहोनी होती है तो इन सबके जिम्मेदार इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव, रजिस्टर प्रो. एनके शुक्ला, रिटायर्ड प्रोफेसर मनमोहन कृष्णा होंगे।अजय ने एफआईआर की प्रति राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी भेजी गई है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व पुलिस कमिश्नर को भी एफआईआर की प्रति भेजकर धमकी देने वाले का पता लगाने और उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

# नैनी में लापता युवक की लाश यमुना में मिली

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस कह रही सेल्फी लेने में नए पुल से गिरा नीचे

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** कोतवाली अंतर्गत अरैल में यमुना नदी में एक युवक की लाश शनिवार को मिली। उसको खोज रहे परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसकी पहचान लवकुश कुमार (26) पुत्र स्वर्गीय सुनील कुमार निवासी ड्रमंड रोड कैंट प्रयागराज के रूप में हुई उसके भाई ने बताया वकि लवकुश अपने दोस्त आअवधेश कुमार के साथ 3 दिन पहले मोटरसाइकिल से दोपहर में 3:00 बजे घर से निकला था। उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। उसका दोस्त अपने घर में है पुलिस का कहना है कि दोनों लड़के नए पुल पर 3 दिन पहले सेल्फी लेते समय पैर फिसलने की वजह से यमुना में गिर गए थे। अवधेश तैरना जानता था इसलिए वह बच गया। लेकिन लवकुश को तैरना नहीं आता था। इसलिए वह डूब गया था। उसका श नही मिल रही थी। परिवार के लोग उसे खोजने में परेशान थे, जबकि भाई का कहना है कि लवकुश की हत्या की गई है नगर के कैंट थाना अंतर्गत ड्रमंड रोड निवासी लवकुश कुमार (26) पुत्र स्वर्गीय सुनील तीन भाइयों में छोटा था। उसकी मां गीता देवी है। वह सिविल लाइंस में साई मंदिर के समीप एक होटल में काम करता था उसके दूसरे नंबर के भाई कुशल कुमार ने बताया कि 3 दिन पहले वह आपने मित्र अवधेश कुमार निवासी महिला पुलिस थाना, सिविल लाइन के साथ दोपहर में 3:00 बजे घर से निकला था उसके बाद वापस नहीं लौटा जबकि अवधेश अपने घर में है कीडगंज पुलिस की माने तो आवर्धेश नए पुल पर सेल्फी लेते समय यमुना में गिर गया था। उसी दौरान लवकुश भी यमुना में गिरा था। अवधेश को तैरना आता था इसलिए वह तैर कर बाहर निकल गया था लेकिन लवकुश डूब गया था। उसका उस वक्त पता नहीं चला था अव्धेश ने पूछताछ में कहा था कि लवकुश के बारे में उसे कुछ नहीं पता है। शनिवार को नैनी के अरैल में यमुना नदी में जब उसका शव उतराता मिला। भाई कुशल ने आअवधेश के बयान पर शक जाहिर करते हुए पुलिस जांच की मांग की है। नैनी पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आइसीएसईआई, आईएससी के रिजल्ट घोषित, प्रयागराज में सार्थक और मावरा नसीब का यूपी में तीसरा अस्थान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट इग्जामिनेशंस (CISCE) बोर्ड की 10वी व 12वीं का परिणाम घोषित कर दिया गया है। ब्वायज हाईस्कूल के सार्थक सिंह ने 99.4% अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरी रैंक हासिल की है। जिले में इनका पहला स्थान है। 12वी में गर्ल्स हाईस्कूल की मावरा नसीब ने 99.25 परसेंट अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरी रैंक प्राप्त की है। जिले में इनकी पहले रैंक है।

**आईएएस बनना है मावरा का सपना :** जीएचएस में हुयूमैनिटीज से इंटर की परीक्षा देने वाली मावरा ने बताया कि उनका सपना आईएएस अधिकारी बनना है। उन्हें शुरू से ही प्रशासनिक सेवा प्रभावित करती रही है। उनके पिता नसीब अहमद इंडियन बैंक में डीजीएम के पद से रिटायर हैं। मां गौसिया नसीब हाउस वाइफ हैं। शुरू से ही मेधावी रहीं मावरा ने हाईस्कूल की परीक्षा में 96.6 परसेंट अंक हासिल किए थे। मावरा ने बताया कि उसे अपनी सिलेबस की किताबों के लावा नॉवेल पढ़ना पसंद है। स्पेशली थ्रिलर नॉवेल। खालिद हुसैनी की द काइट रनर उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है।मावरा ने बताया कि उसे अपनी सिलेबस की किताबों के लावा नॉवेल पढ़ना पसंद है। स्पेशली थ्रिलर नॉवेल। खालिद हुसैनी की द काइट रनर उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है।

## राम मंधान और उत्कर्ष ने बिशप जानसन में टॉप किया

**प्रयागराज।** बिशप जॉनसन स्कूल एंड कॉलेज का रिजल्ट 99 % रहा है। प्रिंसिपल डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि हमारे यहां ICSE में राम मंधान ने 98 परसेंट अंक हासिल कर टॉप किया है। उसे सीटीए में 100 में 100 अंक मिले हैं। इसके अलावा गणित में 99 अंक प्राप्त हुए हैं। प्रियांशू सिंह ने 97.8 परसेंट अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उसे गणित में 100 में 100 अंक मिले हैं। तनमय प्रताप गौतम को तीसरी रैंक मिली है। उसे 97% अंक मिले हैं। तनमय को सीटीए में 99 अंक मिले हैं। चौथी रैंक हर्षित कुमार की रही है। हर्षित को 95.2% अंक मिले हैं। उसे भी सीटीए में 100 अंक मिले हैं। पांचवीं रैंक उन्नित द्विवेदी की रही है। उसे 95 % अंक मिले हैं। इसी तरह अत्कर्ष केसरवानी ने आईएससी में 95.25% अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसे बायो में 100 अंक मिले हैं। दूसरी रैंक अनमोल कुशवाहा को मिली है। उसे 95%अंक हासिल हुए हैं। शैली मौर्या 94.75%अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही हैं। उसे भी बायो में पूरे 100 अंक मिले हैं। चौथा स्थान अमिताभ पटेल का रहा है। उसे 95.50 % अंक हासिल हुए हैं। सेजल सिंह ने 93.50 % अंक हासिल कर पांचवां स्थान हसिल किया है।

## न्यूज झरोखा

### अरैल के नये पक्के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया



**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के सौजन्य से रविवार को कार्यक्रम अधिकारी डां प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अरैल के नये पक्के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन मानस, तीर्थ पुरोहितों,नाविको एवं स्नानार्थियों को जागरूक किया गया। जिसमें सक्रिय सदस्य विकास मिश्रा एवं परीक्षित त्रिपाठी ने पालीथीन मुक्त निर्मल गंगा यमुना के तट को स्वच्छ बनाए रखने की अपील सभी दशार्नार्थियों से की कार्यक्रम में संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा,डां एस.बी.यादव,ओमप्रकाश श्रीवास्तव, संदीप कुमार सिंह,धीरज राजवानी, प्रवीण तिवारी, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, पुष्पेन्द्र कुमार द्विवेदी, बबरूवाहन सिंह, आत्म प्रकाश यादव,राजेश राठौर, समरेंद्र मिश्रा,शामभवी मिश्रा, कार्तिकेय तिवारी,वैभव कुशवाहा, शिवम चौरसिया, रिद्धि मिश्रा, कुंवर अलख प्रताप सिंह, संदीप सिंह, देवकीनंदन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### गंगा की निर्मलता को लेकर गंगाभक्तो की बैठक संपन्न



**नैनी।** गंगा महासभा की प्रेरणा से अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में मां गंगा की निर्मलता एवं अविरलता को लेकर चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के तहत गंगा भक्तों की एक बैठक अवंतिका कॉलोनी के डी ब्लांक स्थित शीतला माई पार्क में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एनपी मिश्रा एवं संचालन गजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार गंगा दशहरा के पावन पर्व 30 मई को अरैल गंगा तट पर 11000 दीप प्रज्वलित कर दीपदान करने का निर्णय लिया गया। दीपदान मे सभी गंगा भक्तो से सक्रिय सहभागिता करने की अपील की गयी है। बैठक मे प्रमुख रूप से देवेंद्र तिवारी, भगवती प्रसाद पांण्डेय, कमलेश सिंह सभासद, बद्री प्रसाद मिश्रा, बीवी दुबे, संजीव गुप्ता, सुनील साहनी, सुनील श्रीवास्तव, शिव शंकर पाण्डेय, रविन्द्र गुप्ता, विजय कांत तिवारी, शत्रुघ्न विश्वकर्मा, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, आरती पांडे, बविता जायसवाल, संगीता जयसवाल, अनीता केशरवानी, जूही सक्सेना, सुमित्रा केसरवानी, रेखा केसरवानी, नागेश त्यागी, सुधाकर दुबे, दिनेश कुमार,अनिल कुमार द्विवेदी, रोहित निषाद, दीपक पटेल, गंगा प्रसाद ठाकुर, मीना जायसवाल, सीता देवी, प्रवीण तिवारी,आशुतोष मिश्रा, के एल जायसवाल, विकास दुबे, नित्यानन्द वर्मा, विकास केशरवानी सहित भारी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

### एसआरएन : जूनियर डॉक्टर व दुकानदारों के बीच विवाद, जबरन वसूली का आरोप

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी अस्पताल के बाहर दुकान लगाने वाले दुकानदारों और डॉक्टर एके सिंह के बीच शनिवार की रात काफी विवाद हो गया। इस दौरान नौबत मारपीट तक पहुंच गई। दुकानदारों का आरोप है की डॉ.एके सिंह दुकानदारों से पैसे को मांग करते हैं। नहीं देने पर बिना पैसा दिए ही दुकान से सामान उठा ले जाते हैं। कई दिनों से डॉक्टर की मनमानी चल रही है।शनिवार की रात को इसके चलते जमकर विवाद हो गया। दुकानदारों ने सामान और पैसा देने से मना कर दिया। देखते ही देखते बवाल बढ़ गया। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। डॉक्टर और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक हुई। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। दुकानदारों ने डॉक्टर के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। बताया जाता है कि डॉक्टर फोरेंसिक थर्ड ईयर का छात्र है।रविवार को विवाद उस समय फिर बढ़ गया जब डॉक्टर ने पोस्टमार्टम हाउस पर ताला लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि डॉक्टर दुकानदारों से मनमानी वसूली करता है। इसकी शिकायत जिला प्रशासन से भी कई बार की जा चुकी है।

# कैबिनेट मंत्री नंदी के बूथ पर हारी भाजपा तीसरे नंबर पर रहा पार्षद प्रत्याशी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** निकाय चुनाव में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय जनता पार्टी का कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी के वार्ड में प्रदर्शन बेहद लचर रहा। नंदी के वार्ड संख्या 80 मोहित्समगंज में भाजपा से प्रत्याशी विजय वैश्य तीसरा स्थान ही हासिल कर सके। खास बात यह रही कि नंदी और उनकी पत्नी एवं निवर्तमान मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने ठाकुरदीन जूनियर हाईस्कूल में मतदान किया और यहां के दोनों ही बूथों पर भाजपा को शिकस्त का सामना करना पड़ा।नंदी के वार्ड संख्या 80 में निर्दलीय पार्षद कुसुमलता ने चुनाव जीता। इस वार्ड में दूसरे स्थान पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी इशरत अली चांद रहे, जबकि भाजपा पार्षद प्रत्याशी को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। भाजपा पार्षद प्रत्याशी के चुनाव हारने के बाद शनिवार को एक बार फिर से राजनीतिक गलियारे में निकाय चुनाव पूर्ण नंदी की नाराजगी का मुद्दा लोगों की जुबान पर आ गया। चर्चा इस बात की रही कि अगर कैबिनेट मंत्री द्वारा इस क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया जाता तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और ही रहती।

**भाजपा से बगावत कर कुसुमलता बनीं पार्षद :** खास बात यह रही कि इस वार्ड भाजपा पार्षद कुसुमलता गुप्ता का टिकट काटकर विजय वैश्य को दिया गया था। कुसुमलता नंदी खेमे की मानी जाती हैं। टिकट कटने के बाद उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। बागी होने की वजह से उन्हें पार्टी से निष्कासित भी किया गया। फिलहाल निर्दलीय प्रत्याशी कुसुम लता गुप्ता 1674 वोट पाकर चुनाव जीतीं। उन्होंने सपा के इशरत अली को शिकस्त दी। इशरत को 1289 मत मिले, जबकि भाजपा के खाते 1275 वोट ही आए।कैबिनेट मंत्री नंदी के बूथ नंबर 932 में भाजपा को 150 ही मत मिले, जबकि कुसुमलता को इस बूथ पर 212 मत मिले। मंत्री नंदी की निवर्तमान मेयर पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी ने भी इसी बूथ पर वोट डाले थे। बता दें कि निकाय चुनाव में बताया जाता है कि अभिलाषा गुप्ता का टिकट कटने से मंत्री नंदी का खेमा नाराज था।

### नंदी के घर के सामने ढोल-नगाड़ों संग रुका गणेश का विजय जुलूस, घंटे भर डांस

जीत के बाद भाजपा के नव निर्वाचित महापौर गणेश केशरवानी का विजय जुलूस शनिवार की देर रात तक जश्न में डूबा रहा। कार्यकताओं ने मुंडेरा मंडी में ही गणेश को कंधे पर उठा लिया। वहां से विजय जुलूस निकला तो कारवां बनता गया। आतिशबाजी, ढोल-ताशे के साथ कार्यकताओं का उत्साह देखते बना। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी का टिकट कटने के बाद कई अवसरों पर नाराजगी जता चुके मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी के घर के सामने बहादुरगंज में देर शाम गणेश केसरवानी का विजय जुलूस रोक दिया गया। वहां करीब घंटे भर तक जमकर ढोल-नगाड़े बजते रहे। जश्न में डूबे कार्यकताओं ने नंदी के घर के आगे जमकर नृत्य किया। आतिशबाजी और नृत्य के बाद यहां से जुलूस आगे बढ़ा।

# पटाखे बजाने को लेकर वर्तमान और पूर्व पार्षद भिड़े, जमकर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** खुल्दाबाद के अटाला में जीत के जश्न के दौरान पटाखे बजाने को लेकर पार्षद और पूर्व पार्षद आपस में भिड़ गए। इसके बाद दोनों को पुलिस ने थाने में बैठा लिया। देर रात तक उनसे पूछताछ की जाती रही। हालांकि देर रात तक किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी थी। वार्ड नंबर 100 से शनिवार को सरफराज पार्षद पद पर निर्वाचित हुए। यहां मोइनुद्दीन भी पार्षद रह चुके हैं। शनिवार को जीत के बाद सरफराज समर्थकों संग जश्न मना रहे थे। इसी दौरान पटाखे बजाने को लेकर उनका मोइनुद्दीन से विवाद हो गया। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों को थाने उठा लाई। देर रात तक उनसे पूछताछ चलती रही। इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। विवाद की सूचना पर उन्हें थाने लाया गया है। पूछताछ चल रही है।

# परीक्षा परिणाम देख उछल पड़े आरआरबी पब्लिक स्कूल नैनी के छात्र-छात्राएं

**नैनी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा का परिणाम देखकर आरआरबी पब्लिक स्कूल नैनी के छात्र-छात्राएं खुशी से उछल पड़े। शनिवार को विद्यालय के मेधावी छात्रों को शिक्षकों ने मिठाई खिलाया। साथ ही आगामी सत्र में इससे भी कड़ी मेहनत करने के लिए संकल्प दिलाया गया। विद्यालय के प्रबंधक राजेश मिश्रा एवं पिंकेश मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आने वाले सत्र में एकजुट होकर और अदिक परिश्रम करने के लिए संकल्प दिलाया। साथ ही उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति सजग पूरी ईमानदारी से लगे रहने को कहा। सुबह से ही उत्तर्णी छात्र-छात्राओं को अभिभावक स्कूल परिसर में पहुंच गए थे। स्कूल में जश्न का माहौल रहा। प्रधानाचार्य सुलेखा मिश्रा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शिक्षक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।






# नगर पालिका व छह नगर पंचायतों में खिला कमल

## दो-दो सीट पर सपा व जनसत्ता दल, एक-एक सीट पर कांग्रेस व बसपा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय के चुनाव में बेल्हा में भाजपा फायदे में रही है। इसमें भाजपा नगर पालिका बेला की प्रतिष्ठामूलक सीट पर हरिप्रताप सिंह को छठीं बार अध्यक्ष बनाने में सफल हुआ है। हरिप्रताप सिंह ने सपा प्रत्याषी को लगभग 10500 मतों से पराजित किया।

हरिप्रताप सिंह को इस बार 21123 मत मिले हैं। इसके अलावा भाजपा ने आधा दर्जन टाउन एरिया अध्यक्ष का भी चुनाव जीत लिया है। दो-दो सीट राजा भइया की जनसत्ता दल व समाजवादी पार्टी को तथा एक-एक सीट कांग्रेस व बसपा को मिली है। पिछले नगर निकाय चुनाव में कटरा मेदनीगंज में सांसद संगम लाल की प्रतिष्ठा को लगा था लेकिन इस बार कटरा मेदनीगंज की सीट पर भाजपा की सीता देवी को विजयी बनाकर अपनी प्रतिष्ठा बचा ली है। सीता देवी को 2318 मत पाकर सपा से सीट छीन ली है। भाजपा को नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज, मानधाता, पट्टी, रामगंज, मानिकपुर व रानीगंज में सफलता मिली है। पहली बार मानिकपुर व हीरागंज में राजा भइया के गढ़ में कमल खिला है। मानिकपुर से भाजपा की चंद्रकला ने 7068 मत निवर्तमान चेयरमैन


हरिप्रताप सिंह को जीत की बधाई देते कार्यकर्ता।

अबु जैद गुड्डू से सीट छीन लिया है। हीरागंज में पहली बार चुनाव हुआ है। यहां भी भाजपा की सुरेखा 4847 मत पाकर कमल खिलाया है। इसके अलावा रानीगंज से भाजपा की मीरा गुप्ता 4458 मत पाकर दुबारा अध्यक्ष बनी हैं। पट्टी व रामगंज में भी कमल खिला है। पट्टी से अषोक कुमार 2501 मत, रामगंज से राकेष कुमार सिंह 4091 मत मिले हैं। मानधाता नगर पंचायत से भाजपा अपना दल गठबंधन की प्रत्याषी इंद्रकली चुनाव जीत गई है। कुण्डा में राजा भइया की जनसत्ता दल ने ऊषा त्रिपाठी को उतारकर निवर्तमान टाउन एरिया अध्यक्ष से कुर्सी छीन ली है। डेरवा में भी जनसत्ता दल को सफलता मिली है। यहां कुंवर बहादुर सिंह 4826 मत पाकर विजयी घोषित हुए हैं। कांग्रेस ने लालगंज में अपनी सीट बचाने में सफल रही है। कांग्रेस की निवर्तमान टाउन एरिया अध्यक्ष अनीता दुबारा चुनी गई हैं। इनका प्रचार प्रमोद तिवारी व मोना ने किया था। सपा को नगर पंचायत ढखवा व प्रतापगढ़ सिटी पर संतोष करना पड़ा। प्रतापगढ़ सिटी से मो0 जकी खान 2473 मत पाकर विजयी हुए हैं। जबकि ढखवा से सपा के अषोक त्यागी 3281 मत पाकर विजयी हुए हैं। बसपा को केवल एक सीट नगर पंचायत सुवंसा की मिली है। बसपा के प्रत्याषी 4434 मत पाकर बसपा की लाज बचायी है। चार निर्दलीय ने भी चुनाव में बाजी मारी है। निर्दलीय अध्यक्षों में नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह से अषोक कुमार, गड़वारा से सीमा सिंह, कोंहडौर से शीतला प्रसाद व पृथ्वीगंज से नीलम सरोज विजयी घोषित हुए है। नगर निकाय चुनाव मतगणना शांतिपूर्वक वातावरण में सम्पन्न हुई जिसमें प्रेक्षक सत्य प्रकाष, जिलाधिकारी डा0 नितिन बसंल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, सीडीओ ईषा प्रिया, अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विष्वकर्मा लगातार भ्रमण करते रहे। मण्डलायुक्त विजय पंत और आईजी प्रयागराज चंद्र प्रकाष ने कुण्डा की मतगणना का निरीक्षण किया।

## पट्टी में सबसे कम उम्र के सभासद बने रजनीश मौर्य

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर पंचायत चुनाव को लेकर जहां नगर अध्यक्ष पद के लिए परिणाम देखने के लिए लोग मोबाइल की स्क्रीन पर नजर नहीं हटा रहे थे और पल पल की खबर पर नजर रख रहे थे। वही सभासद वार्ड सदस्य के चुनाव के परिणाम के लिए भी प्रत्याशी तथा उनके समर्थक बेचैन थे। नगर पंचायत में वार्ड नंबर 9 कोईरान तुरकान में रजनीश मौर्य सबसे कम उम्र के सभासद चुने गए वह महज 29 साल के हैं निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े थे और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी फूलचंद मौर्या को 32 मतों से शिकस्त दिया रजनीश को कुल 201 मत प्राप्त हुए। वही वार्ड नंबर 10 निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही सुनीता देवी पत्नी सजीवन सोनी निर्दल प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज किया। उन्हें 196 मत प्राप्त हुए वह महज 30 साल की हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपा की नेहा बानो को शिकस्त दिया।

## कुंडा मानिकपुर हीरागंज डेरवा नगर पंचायत के निर्वाचित चेयरमैन को मिला प्रमाणपत्र

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत चुनाव मे शनिवार को आये परिणाम मे जनसत्ता दल पार्टी की उम्मीदवार उषा त्रिपाठी को 7994 वोट मिला वही सपा उम्मीदवार सीमा यादव को 4957 वोट मिला भाजपा उम्मीदवार सुमन साहू को 1575 वोट मिला जनसत्ता दल प्रत्याशी उषा त्रिपाठी 3037 वोटों से विजयी हुई। मानिकपुर नगर पंचायत से भाजपा प्रत्याशी चंद्रलता को 7075 वोट मिला निर्दलीय फौजिया बानो को 4924 वोट मिला निर्दलीय मीना मौर्या को 3442 वोट मिला 2151वोट से भाजपा प्रत्याशी चंद्रलता की जीत।

डेरवा नगर पंचायत से कुंवर बहादुर जनसत्ता 1733 वोटों से विजयी घोषित कुल वोट 4826 जनसत्ता दल के कुंवर बहादुर पटेल मिला बीजेपी के पारस नाथ को कुल 3093, वोट मिला। हीरागंज नगर से उदय पांडेय और भाजपा समर्थित सुरेखा देवी को 4840 वोट मिला जनसत्तादल पार्टी की उम्मीदवार निर्मला गौतम को 1966 वोट मिला निर्दलीय प्रत्याशी पप्पन सिंह समर्थित अन्नू सरोज को 3639 वोट मिला सपा को 343 वोट मिला भाजपा प्रत्याशी उदय शंकर पांडेय ने 1201 वोटों से निर्दलीय प्रत्याशी अन्नू सरोज को पराजित किया।

## आधी रात तक होती रही आतिशबाजी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका एवं छह नगर पंचायतों में भाजपा की प्रचण्ड जीत से कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। शनिवार को देर शाम परिणाम आने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के आवास पर समर्थकों का देर रात तक जमावड़ा लगा रहा। फिर क्या था, हरिप्रताप सिंह भी समर्थकों का उत्साह बढ़ाने के लिये बाहर आ गए। बताया जाता है कि सदर मोड़ से चिलबिला तक आतिषबाजी आधी रात तक होती रही। आज रविवार को सुबह से ही सदर मोड़ स्थित हरिप्रताप सिंह के समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। बता दें कि 1995 में हरिप्रताप सिंह पहली बार अध्यक्ष बने तो उन्होंने शहर के विकास का बीड़ा उठाया। शहर में सड़कें, नालियां, रोड लाइट, पार्क तथा सफाई में उन्होंने ज्यादा ध्यान दिया। यही कारण है कि वह लगातार चुनाव जीत रहे हैं। इस बार तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हरिप्रताप सिंह का प्रचार करने बेल्हा आए थे। मतदान के पहले तक अपनी लोकप्रियता की डींग हांकने वाले अब दिखाई नहीं दे रहे हैं। भाजपा नेता इस बात से भी खुष हैं कि राजा भइया के गढ़ में मानिकपुर व हीरागंज में कमल खिला है।

## नगर के मतदाताओं में विकास के नाम फिर प्रमोद व मोना के करिश्माई नेतृत्व पर लगी मुहर

### प्रमोद तिवारी के बड़े सियासी कद का चला जादू विपक्ष चारो खाने हुआ चित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** लालगंज टाउन एरिया के चुनावी नतीजों को लेकर दूसरे दिन रविवार को नगर की बाजार समेत वार्डों में कांग्रेसियों के चेहरे खिले दिखे। टाउन एरिया में चेयरमैन पद पर लगातार दूसरी बार अनीता द्विवेदी ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल कर दिग्गज कांग्रेसी नेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना के गढ़ माने जाने वाले रामपुर खास में रिकार्डों को बनाए जाने की सियासी परम्परा का भी दबदबा कायम किया है।

प्रमोद व मोना समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अनीता द्विवेदी एकतरफा चुनावी फतह हासिल करते हुए विपक्षियों को चारों खाने चित्त कर दिया। बाजार में लोगों में यह चर्चा आम देखी सुनी गयी कि नगर पंचायत के चुनाव में भी क्षेत्रीय विकास व सुरक्षा के माहौल को लेकर लोगों की पसन्द और भरोसा प्रमोद तिवारी


कैंप कार्यालय पर कार्यकताओं की हौसला आफजाई करती विधायक मोना।

और आराधना मिश्रा मोना के ही नाम व काम पर मजबूती से टिकी हुई है। टाउन एरिया के इस चुनाव परिणाम में अध्यक्ष पद पर कांग्रेस की नवनिर्वाचित चेयरमैन अनीता द्विवेदी को कांग्रेस के ही एक बागी ने भी चुनौती दी थी। चर्चा यह भी है कि अभी तक चाहे वह ब्लाक प्रमुख के चुनाव रहें हों या फिर नगर पंचायत के चुनाव रामपुर खास के जनसामान्य के बीच प्रमोद तिवारी के नाम बगावत कहीं टिक नही सका। ब्लाक प्रमुख लालगंज इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने भी अनीता की जीत को प्रमोद तिवारी और मोना के विकास कार्यों पर नगर की जनता का मजबूत भरोसा करार दिया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल व आभार प्रदर्शन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। रविवार को विधायक मोना के कैम्प कार्यालय पर दिनभर जीत की गहमा गहमी का माहौल दिखा। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी तथा केडी मिश्रा कार्यालय पर कार्यकताओं की आगवानी में जुटे दिखे।

## किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के भदारीकला कलंदर निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी कलावती ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के राजाराम का पुत्र अंकित वर्मा बीती चैदह मई को उसकी चैदह वर्षीय पुत्री सलोनी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता ने आरोपी के घर जाकर उलाहना दिया तो परिवार के सदस्यों ने गाली देते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## आईसीएसई बोर्ड में दसवीं में नितेश व इंटर में वासुदेव त्रिपाठी रहे अव्वल

### मेधावियों को मिठाई खिलाकर दी गई शुभकामनाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आईसीएसई बोर्ड का रिजल्ट आज रविवार को आ गया। शहर के प्रभात एकेडमी में हाईस्कूल परीक्षा में नितेष कुमार वर्मा 600 में 569 अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्हें 94.8 प्रतिषत अंक मिले हैं। इसी प्रकार इंटर में वासुदेव त्रिपाठी को 500 में 427 अंक मिले हैं। 85.4 प्रतिषत अंक पाकर वह सर्वोच्च अंक पाने वाले में शामिल हुए हैं।


मेधावियों को मुंह मीठा कराते प्रभात एकेडमी के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार शर्मा।

हाईस्कूल में अन्य मेधावियों में आर्यमन सिंह 93 प्रतिषत, आरजू परवीन 92.7 प्रतिषत, आयुष प्रताप 88.8 प्रतिषत, अनुष पाल 87.8 प्रतिषत, राम पाण्डेय 86.5 प्रतिषत, प्रियांषी त्रिपाठी 84.3 प्रतिषत, पवी सिंह 83.6 प्रतिषत, रुद्राक्ष वत्स 81.8 प्रतिषत और आयुष तिवारी को 81 प्रतिषत अंक मिले हैं। इसी प्रकार इंटर मेधावियों में सुधांषु सिंह 84 प्रतिषत, आनंदी सोमवंषी 82.4 प्रतिषत, कायमा मिर्जा 77.2 प्रतिषत, तनुष्का श्रीवास्तव 75.8 प्रतिषत, अक्षत सिंह 75.2 प्रतिषत, खुशी जायसवाल 73.8 प्रतिषत, उत्कर्ष पाल 72.8 प्रतिषत, आयुष्मान सिंह 71.4 प्रतिषत, वसुंधरा सिंह 71.4 प्रतिषत अंक मिले हैं। प्रभात एकेडमी के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार शर्मा ने सभी मेधावियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्हें मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कालाकांकर स्टेट की पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह इंग्लैंड मे हुई सम्मानित

### इंग्लैंड हॉउस आफ लार्ड ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर रियासत की प्रतापगढ़ पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह को इंगलैंड के हाउस ऑफ लार्ड द्वारा 12 मई 23 को गौरव सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान भारत सरकार के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण योजना सुचारू रूप से संचालित करने मे अहम भूमिका निभाई।

जिसमें राजकुमारी रत्ना सिंह के द्वारा योजना को सफल बनाए जाने हेतु अपना अप्रतिम योगदान व उनकी कार्यशीलता तथा कार्य कौशल की समीक्षा उपरान्त


राजकुमारी रत्ना सिंह को सम्मानित करते आयोजकगण।

इंग्लैंड की हाउस ऑफ लार्ड ने पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह को भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

जैसे ही राजकुमारी रत्ना सिंह के इंगलैंड मे सम्मानित होने की सूचना प्रतापगढ़ जनपद वासियों व क्षेत्र वासियो को हुई सभी खुशी से झूम उठे और एक दूसरे को बंधाई देने लगे। राजकुमारी जी के इस सम्मान के लिए कालाकांकर ग्राम प्रधान कुंवर मनीष सिंह व कालाकांकर राजभवन के मैनेजर डा0 घनश्याम यादव ने इंग्लैड के हॉउस ऑफ लार्ड सरकार का आभार व्यक्त किया, जिसमे मुख्य रूप से डिग्रीकालेज कालाकार्क के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव, हनुमत इंटर कालेज कालाकांकर के प्रधानाचार्य, कैप्टन शमशाद अहमद, कुंवर अनुप सिंह, कुंवर उदय प्रताप सिंह, प्रो0 रामकरन यादव, केवीके आचार्य अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद, पांडे राजू, शिवम अग्रहरि, शुभम अग्रहरि, विजय कुमार पूर्व प्रधान रेवली, अमित कुमार प्रधान रेवली आदि लोग मौजूद रहे।

## विकास के रूप में लौटाएंगे जीत का कर्जः हरि

**प्रतापगढ़।** नव निर्वाचित अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह का कहना है कि वे इस जीत का कर्ज विकास के रूप में नगर की जनता को लौटाने का काम करेंगे। जो भी विकास नहीं हो पाया है। उसको प्राथमिकता में कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने जीत का श्रेय यहां की जनता और पार्टी कार्यकताओं को दिया है। कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन पर जो विश्वास जताया है वे उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे।

## मातृ दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में हुआ पूजन कार्यक्रम, 26 माताओं ने किया प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मातृ दिवस के अवसर पर भैया बहिनों द्वारा ममतामई मां का पूजन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ के परिसर में मातृ दिवस के अवसर पर साक्षात मां का पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीलम हिंद तथा अध्यक्ष श्वेता सिंह मधुपुर कोट ने समवेत मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवम पुषापर्चन कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। मंच पर मातृ भारती की अध्यक्षा श्रीमती नेहा तिवारी मंत्री सबिता पांडे भी उपस्थित रही।


सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में आयोजित कार्यक्रम में बोलतीं मुख्य अतिथि।

मां शारदे की वंदना विद्यालय की बहिनों द्वारा संपन्न हुई तत्पश्चात प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय द्वारा अतिथियों का परिचय कराते हुए शिशु वाटिका संचालिका तथा सह प्रांत प्रमुख विभा शुक्ला द्वारा अंगवस्त्र श्रीफल वस्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने मां के महत्व को बताते हुए मां की महानता को को याद किया और मां को प्रथम शिक्षक बताया अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में मां को जननी अर्थात जन्मदेने वाली बालक को गुणवान चरित्रवान स्वाभिमानी बनाने वाली तथा समाज जीवन में आने वाली चुनौतियों से संघर्ष करने वाला साहसी मनुष्य बनाने वाली बताया तथा मां को व्यक्तित्व निर्माण का आधार स्तंभ कहा एवम उपस्थित माताओं से इन गुणों को बालक के अंदर प्रस्फुटित करने का आग्रह किया। अतिथि उद्बोधन के पश्चात सभी भैया बहिनों ने अपनी अपनी माताओं का पाद प्रक्छालन माल्यार्पण तिलक पुषापर्चन एवम आरती उतारकर पूजन किया माताओं ने गले लगाकर भैया बहिनों को आशीर्वाद दिया। आभार ज्ञापन शिशु वाटिका संचालिका विभा शुक्ला ने किया वन्देमातरम के उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 62 माताएं उपस्थित रही।

## संदेहास्पद दशा में मौत से सनसनी, पीएम के लिए गया शव

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली के पंडरी निवासी महेन्द्र कुमार वर्मा (46) की संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर रविवार को इलाके में सनसनी फैल गयी। हालाकि पुलिस ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए मृतक के शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। वहीं पत्रकार जगत वर्मा के बड़े भाई के निधन की जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकारों में भी शोक छा गया।

पंडरी निवासी स्व. बाबूलाल के पुत्र जगत वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनके बड़े भाई महेन्द्र कुमार वर्मा की पत्नी का निधन हो चुका है। महेन्द्र इन दिनों अपनी बहन के घर भदारी कला में रह रहे थे। तेरह मई को महेन्द्र की तबियत खराब हुई तो दो महिलांए पहुंची और इलाज कराने के लिए उसे बाहर ले गयी। रविवार की सुबह महिलांए भाई के शव को एंबुलेंस से लेकर घर पंडरी पहुंची। परिवार के सदस्यों ने जानकारी चाही तो महिलाओं के गोल मटोल जवाब से आशंका उत्पन्न हो गयी। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया। इधर पत्रकार जगत के बड़े भाई के निधन को लेकर साथियों में भी दुख का माहौल देखा गया।

## आज मनेगी द्वारिका प्रसाद की पुण्यतिथि

**लालगंज प्रतापगढ़।** कलाविद एवं सेवानिवृत्ति शिक्षक समाजसेवी स्व. द्वारिका प्रसाद तिवारी की पुण्यतिथि नगर में आज सोमवार को प्रातः दस बजे से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में विचार गोष्ठी के साथ विविध आयोजन होंगें। उक्त जानकारी व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष राकेश तिवारी गुड्डू ने दी है।

## खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम की रैली को डीएम ने किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम के प्रचार-प्रसार के लिये मषाल रैली का आयोजन मीरा भवन चैराहे से हुआ। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली मीरा भवन चैराहा से होते हुए कम्पनी बाग, अम्बेडकर चैराहा, बस अड्डा होते हुए स्टेडियम में समाप्त हुई। इस मौके पर कबड्डी एसोसिएषन के सारे पदाधिकारी, अनवर हाकी सोसाइटी के सारे पदाधिकारी व खिलाड़ीगण, खोखो एसोसिएषन कुष्ती संघ के सचिव जय बहादुर सिंह, जिला व्यायाम षिक्षक राजकुमार सिंह, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, साधना सिंह, सचिन शुक्ला, डा0 शमीम, राघवेन्द्र शुक्ला आदि खिलाड़ी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला क्रीड़ाधिकारी पूनमलता राज ने रैली को सफल बनाने के लिये सभी के प्रति आभार जताया।


हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना करते डीएम डा0 नितिन बंसल।

# हाईटेंशन विद्युत करंट से झुलस कर अधेड़ की हुई मौत

## हाईटेंशन विद्युत करंट की चपेट से अधेड़ की मौत के बाद परिजनों में कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के इमामगंज गांव में अचानक हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से अधेड़ की झुलस कर मौत हो गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अधेड़ की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है सूचना पाकर गांव के तमाम लोग अधेड़ के घर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के इमामगंज निवासी हरिलाल उम्र 45 वर्ष पुत्र मैकूलाल रविवार की सुबह लगभग 10:00 बजे घर के बाहर चारपाई पर आराम कर रहा था, इसी दौरान अचानक छत के ऊपर से निकली 11000 की हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से वह हाई वोल्टेज विद्युत करंट से झुलस गया हाईटेंशन विद्युत तार के करंट से झुलस जाने से अधेड़ की मौत हो गई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



विद्युत करंट से मौत के बाद घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़

## गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों गयादीन पुत्र स्व0 राजाराम व सत्यम पुत्र रंजीत उर्फ रंगबाज निवासीगण कोखराज थाना कोखराज को सजेती से 02 किलो 250 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 13 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से तीन थाना महेवाघाट से एक थाना कौशाम्बी से तीन थाना सराय अकिल से एक थाना कोखराज से एक थाना सैनी से दो थाना कड़ाधाम से दो कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।



सड़क पर अवरोध

# सड़क बनाने में अवरोध डाल रहे हैं ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

**टेडीमोड कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कल्यानपुर बाजार के अंदर से काली रोड सड़क बनाई जा रही है जिसमे बीच सड़क से दोनों तरफ नाप कर निशान लगाया गया है जिसमे आमने सामने दो लोगो मे विवाद चल रहा है हीरालाल सरोज प्रधानपति का आरोप है की पी डबयु डी के जेई दीपक सिंह ने बीच सड़क से नाप कर चिन्ह लगाया था उस बात पर हीरा लाल केशरवानी पुत्र नत्थू नहीं माना रहा है ठेकेदार वा पी डबल्यू डी के कर्मचारियों की मिली भगत से मकान नहीं तोड़ा गया और अंदर ग्राउंड कर नाली निर्माण कर ठेकेदार ने बनवाया है जिसमे प्रधानपति ने इसकी शिकायत विभागीय उच्च अधिकारियो से किया है हीरालाल सरोज वा हीरालाल केशरवानी मे किसी दिन विवाद होने की आशंका जताई जा रही है जे ई दीपक कहना है बीच सड़क से नाप कराया जायेगा और दायरे के अंदर जिसका भी मकान आ रहा है उसको अपना मकान तोडना पड़ेगा।

# 17 मई से अनिष्चित कालीन धरने पर बैठेंगे भानु संगठन के किसान

**अखंड भारत संदेश**

**किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि भ्रस्टाचार के खिलाफ जंग लड़ने को तैयार हैं जिले के किसान**

**कौशाम्बी।** भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के जिलाध्यक्ष संजय सिंह यादव ने जिले में हो रहे भ्रस्टाचार के खिलाफ दिनांक 17 मई 2023 से अनिष्चित धरने पर बैठने का एलान किया है धरने में शामिल होने के लिए किसानों से उन्होंने अपील की है।जिलादयक्ष ने कहा कि किसान अपनी शिकायतों को लेकर विभागों में जाते है लेकिन जिले के जिम्मेदार किसानों को बेवकूफ बनाकर भेज देते है।और शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।किसान मेहनत करता है फिर भी वह कानून के मकड़जाल में पीसा जाता है।जो ज्ञापन संगठन द्वारा दिया जाता है उस पर भी कोई कार्यवाही नही होती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी योगी जी के सरकार को बदनाम करने में तुले है जिले के जिम्मेदारो द्वारा किसी की नही सुनी जाती है।मनमानी तरीके से काम कर केवल कोरम पूरा किया जाता है।लेकिन अब कौशाम्बी जिले में ऐसा नही होगा भानु का किसान हाथ मे डंडा लिये तैयार है।और अपनी हक की लड़ाई खुद लड़ेगा संजय सिंह ने जानकारी दिया कि केंद्रीय कार्यालय ग्राम बल्हेपुर से सुबह 10 बजे किसान पदयात्रा द्वारा किसान चायल के लिये प्रस्थान करेंगे और चायल तहसील में अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि आस पास के जिले के किसान भी भाग लेंगे।

# सूखे तालाबों में जल्द ही पानी भरवाया जाए : अजय सोनी

## अधिकांशतः तालाब सूखे पड़े होने से पालतु पशुओं समेत जंगली पशु पंछियों को पेयजल की होती है भारी किल्लत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला प्रशासन कौशांबी से मांग किया है कि जिले भर के सभी सूखे तालाबों में जल्द ही पानी भरवाया जाए। इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अजय सोनी ने जिला प्रशासन से जल्द ही उचित कार्यवाही करने का आग्रह किया है। अजय सोनी के मुताबिक इस समय भयंकर गर्मी पड़ रही है और अधिकांशतः तालाब सूखे पड़े हैं जिसके चलते पालतु पशुओं समेत जंगली पशु पंछियों को पेयजल की भारी किल्लत होती है और पानी के बिना उनका जीवन मुश्किल में पड़ जाता है। साथ ही किसी गांव, मजरे या कस्बे में आगजनी की घटना होने पर लोगों को भारी क्षति होने का खतरा रहता है जिसके बचाव के लिए यह जरूरी है कि स्थानीय स्तर पर मौजूद तालाबों में पानी की प्रचुर उपलब्धता रहे। इसी के साथ लोगों की अन्य जरूरतें भी स्थानीय तालाबों से पूरी होती हैं। अजय सोनी के मुताबिक मई माह बीतने के बाद भी तालाबों में पानी नही भरवाया गया जिससे लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में अजय सोनी ने जिला प्रशासन कौशांबी से जल्द ही जिले भर के सभी सूखे तालाबों में समुचित मात्रा में पानी भरवाए जाने की मांग की है।



सूखा तालाब



## न कानून का पालन न नियम की जानकारी फिर भी नाबालिक ढो रहे सवारी....

**कौशाम्बी।** जिले में इन दिनों ई रिक्शा की संख्या में बढोत्तरी लगातार हो रही है।ई रिक्शा चालकों पर कोई कानूनी शिकंजा न होने के कारण ये मनमानी तरीके से ई रिक्शा चलाने लगे हैं। अधिकतर ई रिक्शा चालक नाबालिक होते है जिन्हें न कोई ट्रैफिक की जानकारी है और ना नियम की।इनकी चलाने की कोई सीमा नही होती है।जहाँ चाहे वही घुस जाते है।बाजारों की भीड़ हो या फिर चौराहे की भीड़ इनके लिये कोई नियम लागू नही है।बाजार के अंदर लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जहाँ देखो ये लोग जाम लगाए रहते है। नियम कानून की जानकारी ना होने के बाद भी नाबालिग के हाथ ई रिक्शा की स्टेरिंग से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं लोगों का जीवन जोखिम में जा रहा है लेकिन उसके बाद भी ई रिक्शा चलाने वाले नाबालिग लोगों पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है आखिर किसके संरक्षण में नाबालिग के हाथों में ई-रिक्शा की कमान सौंपी गई है नाबालिक के हाथों में स्टेयरिंग थमा कर यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ किया जाता है।इनकी सीमा तय होनी चाहिए।इनपर भी कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए।नही तो तो हमेशा यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ होता रहेगा

# तीन कालेज में पीसीएस परीक्षा आयोजित केंद्रों का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पीसीएस परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए डीएम एसपी ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर शिक्षकों को सख्त निर्देश दिया है उन्होंने कहा कि परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिले के तीन कालेज में पीसीएस प्री की परीक्षा आयोजित की गई है। इस दौरान डीएम एसपी ने संयुक्त अभियान के अंतर्गत तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा ड्यूटी में तैनात शिक्षकों को शुचिता पूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के डीएम एसपी ने दिशा निर्देश जारी किया। मालूम हो कि प्रदेश सरकार द्वारा पीसीएस परीक्षा का जिले के तीन कॉलेजों में आयोजन किया गया। जिसमें दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा, भवंस मेहता डिग्री कॉलेज, और भवंस मेहता विद्याश्रम इंटर कॉलेज में परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा को सुचिता पूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराने के लिए डीएम सुजीत कुमार और एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुर्गा देवी इंटर कॉलेज के शिक्षकों को स्वच्छता पूर्ण परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश जारी किया। वहीं भवंस मेहता और भवंस मेहता विद्याश्रम कॉलेज में भी परीक्षा केंद्र का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को सूचितापूर्ण संपन्न कराई जाए।



पीसीएस परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम एसपी





# वृद्ध महिलाओं के पांव पूजकर आश्रम संचालक ने मनाया मातृत्व दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मातृत्व दिवस के अवसर पर वृद्ध आश्रम ओसा में कार्यक्रम आयोजित कर वृद्ध महिलाओं माताओं के पैर पूजा कर माताओ को सम्मानित किया गया है वृद्ध जन आश्रम ओसा के संचालक आलोक राय ने बताया कि वृद्ध आश्रम ओसा में मातृत्व दिवस पर माताओं को माल्यार्पण कर उपहार देकर सम्मानित किया गया है वृद्ध आश्रम संचालक आलोक राय ने माताओं का पैर पूजन करके माला पहनाया एवं मिठाई खिलाकर आशीर्वाद लिया मातृत्व दिवस के अवसर पर वृद्ध आश्रम संचालक द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम को देखकर वृद्ध महिलाएं आश्चर्यचकित हैं और उन्होंने आश्रम संचालक आलोक राय को शुभ आशीष दिया है।

## न्यूज झरोखा

## तमंचा कारतूस के साथ एक आरोपी किया गया गिरफ्तार

**करारी कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया है लंबे समय से आरोपी की शिकायत पुलिस को मिल रही थी मंझनपुर थाना पुलिस ने 14 मई को सुरेश उर्फ कल्लू पुत्र पंचम लाल अग्रहरि निवासी ग्राम अचाकापुर थाना मंझनपुर उम्र 25 वर्ष को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 2 अदत कारतूस जिंदा 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के पश्चात न्यायालय पेश किया है बताया जाता है कि आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगा हुआ था लेकिन भनक पुलिस को लग गई जिससे बड़े अपराधिक घटना की वारदात होने से बच गई



## चार दिन पहले से गायब हुआ युवक परिजन परेशान

**कई जगह ढूंढ कर परिजन हो रहे परेशान ,नहीं चल रहा है सुराग**

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के सेवढ़ा गांव निवासी ओमकार पुत्र अवधेश कुमार रैदास 4 दिन से गायब है ,जिसका कहीं अता पता नहीं चल रहा है । परिजनों ने थाना सिविल लाइन प्रयागराज में दिनाँक 11 मई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है । ओंकार के पिता ने बताया कि उसका लड़का मुंडेरा में हनुमान मंदिर के सामने दुकान करता है । जिसमें ए0सी मरम्मत का कार्य करता है और यही कमरा लेकर रहता भी है । 10 मई को वह घर से सिविल लाइन बिहारी भवन गया और वहां से सुबह लगभग 9:00 बजे के बाद से अता पता नहीं चल रहा है । पीड़ित अवधेश ने काफी खोजबीन करने के बाद कहीं सुराग नहीं चला तो थाना सिविल लाइन में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर कराया है । पुलिस फिलहाल इस मामले में जांच में जुट गई है।



## शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा अभियुक्त विरेन्द्र कुमार सरोज पुत्र रामू निवासी बिदाव थाना कौशाम्बी को 08 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 98 वाहनों का ई-चालान किया गया

# जमीन बंटवारे को लेकर दो भाइयों में खूनी संघर्ष

## महिला समेत दो घायल, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में जमीन के बंटवारे को लेकर भाई भाई में ही खूनी संघर्ष हो गया,खूनी संघर्ष में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया,मारपीट का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के चक नारा गांव की रहने वाली पूनम देवी ने अपने तहरीर में बताया कि उसके पति फूल सिंह और जेठ संतलाल में जमीन के बंटवारे को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर फूल सिंह ने अपने भाई संतलाल से कहा कि जमीन का बंटवारा कर लिया जाए। उसका पति फूल सिंह और जेठ जमीन के बटवारे के लिए रविवार लगभग 12 बजे खेत की तरफ जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान जेठानी रामकली, जेठ संतलाल और जेठ का लड़का सबने घेर कर मुझको और मेरे पति फूल सिंह को लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से जमकर मारा पीटा। जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मंझनपुर पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।तहरीर मिलने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। मारपीट का वीडियो भीड़ में मौजूद किसी शख्स ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए,जो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है।



दो भाइयों के बीच मारपीट के बाद मौके पर लगी भीड़

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को पीट पीटकर ससुराल से मायके भगाया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** तमाम कानून नियम की सख्ती के बाद भी दहेज लोभियों का मुंह बंद होने के बजाय सुरसा की तरह दिन पर दिन बढ़ रहा है इसी तरह का एक मामला मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र का है जहां दहेज लोभियों ने दहेज की डिमांड ना पूरी होने पर विवाहिता को पीट-पीटकर ससुराल से मायके वापस भेज दिया है मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सेलरहा पूरब गांव में ब्याही युवती को ससुराल वाले दहेज की खातिर पीटते हुए घर से निकाल दिया। शुक्रवार को पीड़िता की तहरीर पर महिला थाना पुलिस आरोपित पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि भरसवां गांव की अनामिका उर्फ रेनू देवी पुत्री देवीशरन ने बताया कि दो साल पहले उसकी शादी सेलरहा पूरब गांव में संजय के साथ हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से ही ससुराली जन मायके दो लाख रुपये नकदी लाने की जिद कर प्रताड़ित करने लगे। आए दिन छोटी-छोटी बात पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। महीने भर पहले मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालवालों ने पिटाई करते हुएविवाहिता को घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई, लेकिन बात नहीं बन सकी। शुक्रवार को पिता के साथ मंझनपुर कोतवाली पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति संजय कुमार, ससुर केशन समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास थाना पुलिस कर रही है।



**पति समेत चार के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा**

संपादकीय

# परमाणु ऊर्जा में विदेशी पैसा

**राज कुमार सिन्हा**

**भारत** और अमेरिका के बीच असैन्य परमाणु सहयोग के लिए 2008 के समझौते के तहत परमाणु प्रौद्योगिकी और सामग्रियों का आयात शुरू करने की अनुमति दी गई थी और निजी कम्पनियों को भारतीय परमाणु बाजार में प्रवेश करने का रास्ता खोला गया था। यह समझौता अमेरिका के परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1954 की धारा 123 के तहत किया गया था जिसे 123 समझौता कहा गया। केन्द्र सरकार 'परमाणु ऊर्जा अधिनियम -1962' के तहत 'परमाणु ऊर्जा केन्द्रों' का विकास और संचालन करती है। इस अधिनियम के तहत फिलहाल घरेलू निजी कम्पनियों की ऊर्जा क्षेत्र में भागीदारी होती है, परन्तु 'नीति आयोग' की ओर से गठित सरकारी समिति ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में विदेशी निवेश पर लगी पाबंदी हटाने की सिफारिश की है। समिति ने परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में विदेशी कम्पनियों को शामिल करने के लिए अधिनियम के साथ 'विदेशी निवेश अधिनियमों' में भी बदलाव की सिफारिश की है। इसका संकेत 2022 में भारत - अमेरिका के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच वाशिंगटन में हुई द्विपक्षीय वार्ता के समय ही मिल गया था।
इस वार्ता में दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार 150 अरब डॉलर तक ले जाने पर सहमति बनी, जो उस समय 113 अरब डॉलर का था। इसी बैठक में परमाणु, क्लाइमेट एवं क्लीन एनर्जी, अंतरिक्ष अभियान और साईबर सुरक्षा के क्षेत्रों में 30 अरब डॉलर (लगभग 2.28 लाख करोड़ रुपए) के निवेश को लेकर बातचीत हुई थी। इसमें अमेरिकी कम्पनी ने भारत में 60 हजार करोड़ रुपए की लागत से छह परमाणु रिएक्टर लगाने और भारत के घरेलू उपयोग और निर्यात के लिए लघु मॉडयूलर परमाणु रिएक्टर टेक्नालॉजी के विकास पर करीब 10 हजार करोड़ रुपए निवेश की इच्छा जाहिर की थी। इसको लेकर उस समय न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और वाशिंगटन इलेक्ट्रिक कंपनी के बीच बातचीत अंतिम चरण में थी। कुछ दिन पहले परमाणु ऊर्जा विभाग ने बताया है कि वेस्टिंग हाउस इलेक्ट्रिक, जीई हिताची, इलेक्ट्रिक डी फ्रांस (ईडीएफ) समेत कई विदेशी कंपनियां देश के परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट में भाग लेने में दिलचस्पी दिखा रही हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियां प्रौद्योगिक, आपूर्ति या ठेकेदार के रूप में और सेवा प्रदाता के रूप में अलग-अलग निवेश करने की इच्छुक हैं। जनवरी 2020 में परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) ने इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय से चर्चा की थी। चर्चा के बाद केन्द्रीय कानून मंत्रालय से कानूनी राय मांगी गई थी कि क्या एफडीआई नीति को संशोधित कर परमाणु विद्युत क्षेत्र को निवेश के लिए खोला जा सकता है? परमाणु ऊर्जा विभाग का मत था कि परमाणु ऊर्जा अधिनियम किसी भी रूप में परमाणु विद्युत परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी को नहीं रोकता है। भारत सरकार ने अगस्त 2022 में विदेशी निवेश नियम और विनिमयन में संशोधन के लिए अधिसूचित किया था। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच असैन्य परमाणु सहयोग के लिए 2008 के समझौते के तहत परमाणु प्रौद्योगिकी और सामग्रियों का आयात शुरू करने की अनुमति दी गई थी और निजी कम्पनियों को भारतीय परमाणु बाजार में प्रवेश करने का रास्ता खोला गया था। यह समझौता अमेरिका के परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1954 की धारा 123 के तहत किया गया था जिसे 123 समझौता कहा गया। इस समझौते को लेकर देश के विषय - विशेषज्ञों ने गंभीर सवाल उठाये थे। सवाल उठता है कि परमाणु क्षेत्र में निवेश करने वाली कम्पनी भारत क्यों आना चाहती हैं? दुनिया के 192 देशों में से केवल 30 देश परमाणु बिजली संयंत्र चला रहे हैं। इटली ने चेर्नोबिल की दुर्घटना के बाद ही अपना परमाणु बिजली कार्यक्रम बंद कर दिया था। कजाकिस्तान ने 1999 में और लिथुआनिया ने 2009 में अपने एकमात्र रिएक्टर को बंद कर दिया था। परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के इतिहास की तीन भीषण दुर्घटनाओं - थ्री माइल आइस लैंड (अमेरिका), चेर्नोबिल (युक्रेन) और फुकुशिमा (जापान) ने बार - बार यह चेताया है कि यह एक ऐसी तकनीक है जिस पर इंसानी नियंत्रण नहीं है। फुकुशिमा में आज भी आसपास के 20 किलोमीटर दायरे में 3 करोड़ टन रेडियोएक्टिव कचरा जमा है। इस कचरे को हटाने में जापान सरकार 94 हजार करोड़ खर्च कर चुकी है फिर भी इस विकिरण को पूरी तरह साफ करने में 30 साल लगेगें। परमाणु ऊर्जा स्वच्छ नहीं है। इसके विकिरण के खतरे सर्वविदित है। परमाणु संयंत्र से निकलने वाले रेडियोधर्मी कचरे का निस्तारण करने की सुरक्षित विधि विज्ञान के पास भी नहीं है। ऐसी दशा में 2.4 लाख वर्ष तक रेडियोधर्मी कचरा जैवविविधता को नुकसान पहुंचाता रहेगा। अमेरिका और ज्यादातर पश्चिम यूरोप के देशों में पिछले 35 वर्षो में रिएक्टर नहीं लगाए गए हैं। जर्मनी ने तो अपने यहां अंतिम परमाणु ऊर्जा संयंत्र को भी इस वर्ष बंद कर दिया है। साठ और सत्तर के दशकों में परमाणु ऊर्जा का बहुत शोर था, लेकिन अस्सी के दशक तक आते-आते स्पष्ट हो चुका था कि परमाणु बिजली काफी महंगी पड़ती है। विकसित पश्चिमी देश परमाणु बिजली परियोजनाओं पर बजट से ज्यादा खर्चे और ज्यादा समय लगने से पुनर्विचार के लिए बाध्य हुए। दूसरे, परमाणु बिजली घरों के संभावित खतरे, ऐसे बिजली घरों को बंद किए जाने पर आने वाली भारी लागतों और परमाणु कचरे के भंडारण की समस्या ने भी सोचने के लिए मजबूर किया है।
दरअसल परमाणु बिजली उद्योग में जबरदस्त मंदी है, इसलिए अमेरिका,फ्रांस और रूस आदि देशों की कम्पनियां भारत में इसके ठेके और आर्डर पाने के लिए बेचैन हैं। साल 2017 में जारी 'विश्व परमाणु उद्योग स्थिति रिपोर्ट' (वर्ल्ड न्यूक्लियर इंडस्ट्री स्टेटस रिपोर्ट) में बताया गया था कि पिछले चार सालों में दुनियाभर में निमार्णाधीन परमाणु रिएक्टरों की संख्या में गिरावट देखी गई है। 2013 तक वैश्विक स्तर पर 68 रिएक्टरों का निर्माण कार्य चल रहा था, वहीं 2017 में निमार्णाधीन रिएक्टरों की संख्या 53 हो चुकी है।

# कर्नाटक में खुल गई मोहब्बत की दुकान

**राजीव रंजन श्रीवास्तव**



**कर्नाटक** विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की धमाकेदार जीत ने ये ऐलान कर दिया है कि राज्य में नफरत की दुकान बंद हो गई है और मोहब्बत की दुकान का फीता जनता ने काट दिया है। कर्नाटक के नतीजे बतला रहे हैं कि देश में अब सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और विभाजनकारी राजनीति से जनता थक गई है। वह बुनियादी मुद्दों की राजनीति पर यकीन करना चाहती है। भाजपा के शासन में कर्नाटक में शुरू हुआ हिजाब और नमाज विवाद, चुनाव प्रचार में बजरंगबली की जय बोलने और केरला स्टोरी फिल्म के प्रचार तक आ गया। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावों में सांप्रदायिक नजरिए को बढ़ावा दिया। बजरंग दल जैसे अतिवादी और हिंसा पर यकीन रखने वाले संगठन पर प्रतिबंध की बात को श्री मोदी ने जानबूझकर बजरंग बली के अपमान से जोड़कर बताया। जनता को यह बताने की कोशिश उन्होंने की कि कांग्रेस ने पहले राम का अपमान किया, अब बजरंग बली का कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बार-बार कर्नाटक आकर चुनाव प्रचार किया, रोड शो और रैलियां कीं और हर बार उनके निशाने पर कांग्रेस रही। उन्होंने गांधी परिवार को शाही परिवार बताया, उन्हें देशविरोधी साबित करने की कोशिश की। अपनी आलोचना को 91 गालियों के रूप में प्रचारित किया। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस के लिए नकारात्मकता फैलाते हुए चुनाव प्रचार करते रहे। उन्हें यकीन था कि गुजरात की तरह कर्नाटक की जनता भी उनकी बात सुनेगी। जब मतदान के दिन आते-आते उन्हें ये अहसास हुआ कि कांग्रेस विरोधी माहौल नहीं बन पा रहा है, तो उन्होंने कर्नाटक के लोगों के नाम खुला खत लिखा और कर्नाटक के विकास को देश का विकास बता दि?ा। लेकिन श्री मोदी का एक भी पैंतरा काम नहीं आया। कर्नाटक की जनता ने एक बार फिर भाजपा को नकार दिया। गौरतलब है कि पिछले 25 सालों में भाजपा को कभी भी कर्नाटक में बहुमत नहीं मिला। 2008 में 110 सीटें मिली थीं, तो निर्दलीय विधायकों को पाले में लेकर श्री येदियुरप्पा ने भाजपा सरकार बनाई थी। इसके बाद 2019 में भाजपा ने फिर से आपरेशन लोटस के जरिए ही सरकार बनाई, जबकि इससे पहले 2018 के चुनाव में कांग्रेस और जेडीएस की सरकार बनी थी। भाजपा ने इस दक्षिण राज्य में दो बार सरकार तो बनाई, लेकिन बहुमत कभी हासिल नहीं हुआ और अब 2023 में एक बार फिर कर्नाटक की जनता ने भाजपा को विपक्ष में बैठने की जगह दी है। 2018 में भाजपा को 104 सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार तो आंकड़ा सौ तक भी नहीं पहुंच पाया। श्री मोदी की जो अजेय छवि भाजपा ने बना रखी है, उसे कर्नाटक की जनता ने ध्वस्त कर दिया है। 2023 के नतीजे केवल कांग्रेस की जीत नहीं हैं, ये राहुल गांधी के भारतीय राजनीति में बढ़ते कद के गवाह हैं। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सबसे अधिक 21 दिन इस राज्य में गुजारे और करीब 5 सौ किमी की यात्रा यहां की। इस यात्रा में ही उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वे मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं। कर्नाटक के कोलार में 2019 में उन्होंने मोदी उपनाम को लेकर जो टिप्पणी की थी, उसे भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि माना और राहुल गांधी पर मुकदमा किया। सूरत की अदालत से उन्हें दो साल की सजा हुई, उनकी संसद सदस्यता भी चली गई। भाजपा इतने पर भी चुप नहीं बैठी और राहुल गांधी पर पिछड़ों के अपमान का आरोप लगाया। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की जो विराट, उदार छवि जनता के बीच बनी, उसे ध्वस्त करने की हर संभव कोशिश भाजपा ने की। लेकिन राहुल गांधी ने कर्नाटक से पिछड़ों के मुद्दों पर भाजपा को बड़े सलीके से घेर लिया। उन्होंने सवाल उठाया भारत सरकार में मात्र 7 फीसदी सचिव दलित, आदिवासी या ओबीसी क्यों हैं? क्या भारत में इन वर्गों की आबादी बस 7 फीसदी है? अगर हमें देश में सबको भागीदारी देनी है, तो किस जाति की कितनी आबादी है, ये पता लगाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजानिक क्यों नहीं कर रहे हैं? उनके सवालों पर भाजपा ने घुटने टेक दिए। 'जितनी आबादी-उतना हक का नारा देकर राहुल गांधी ने एक लंबी लकीर खींच दी और कांग्रेस की सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक विरासत को फिर से मुख्यधारा में ले आए। हमारा संविधान तो सामाजिक न्याय का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है ही, आजादी के तुरंत बाद दलितों और आदिवासियों के लिए राजनीति, शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण देकर कांग्रेस ने भारत में सामाजिक न्याय की अवधारणा को मजबूत किया था। फिर पिछड़े वर्गों को शिक्षा में आरक्षण देने का काम भी कांग्रेस सरकार ने ही किया था, लेकिन इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर कांग्रेस प्रचारित-प्रसारित नहीं कर पाई, बल्कि क्षेत्रीय दल या गैरकांग्रेसवाद में सामाजिक न्याय की आवाज बुलंद होती रही। लेकिन पिछले समय में हुए रायपुर अधिवेशन में संगठन और राजनीति, दोनों ही मोर्चों पर सामाजिक न्याय को कांग्रेस ने अपनी वैचारिक मशाल बनाया और अब उसी की रौशनी कर्नाटक की जीत में दिखाई दे रही है। यही रौशनी अब 2024 तक पूरे देश में बिखरेगी, यह नजर आ रहा है। कर्नाटक के नतीजों का असर यानी कांग्रेस की बड़ी जीत केवल एक राज्य तक सीमित नहीं रहने वाली है। अगले पांच-छह महीनों में राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने हैं। जिनमें से छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस पहले से मजबूत स्थिति में है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की क्षमताओं पर कांग्रेस आलाकमान का यकीन है। मध्यप्रदेश में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह दोनों अनुभवी नेताओं के मार्गदर्शन में कांग्रेस खुद को मजबूत कर रही है। ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिले धोखे के नुकसान की भरपाई कांग्रेस इस बार कर लेगी, इसके आसार हैं। राजस्थान में सचिन पायलट के अलग राग के बावजूद अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस मजबूत दिख रही है। तेलंगाना में प्रियंका गांधी ने कर्नाटक के तुरंत बाद प्रचार शुरू कर दिया है। प्रियंका गांधी की मेहनत ने हिमाचल प्रदेश के बाद, कर्नाटक में भी रंग दिखाया है। इन विधानसभा चुनावों में एक बार फिर कांग्रेस के आगे भाजपा और मोदीजी की साख दांव पर रहेगी और इसके ठीक बाद अगले आम चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। जिसमें भाजपा हैट्रिक लगाने का दावा तो कर रही है, लेकिन अभी देश का माहौल भाजपा के खुले खेल के पक्ष में नहीं है। नीतीश कुमार और शरद पवार जैसे दिग्गज नेता अब विपक्षी एकजुटता की मुहिम में जोर-शोर से लग गए हैं। कर्नाटक की जीत के बाद कांग्रेस के नेतृत्व में ही यह मोर्चा बनेगा, यह तय दिख रहा है। अगर यूपीए 3 अस्तित्व में आता है, तो फिर भाजपा के लिए जीत मुश्किल होगी। कर्नाटक के जनादेश ने मौजूदा राजनीति के कई मिथकों को तोड़ा है। जनता ने रोजगार और महंगाई जैसे बुनियादी मुद्दों के ऊपर सांप्रदायिक राजनीति में यकीन नहीं दिखाया है। मोदीजी को उसने अजेय नेता नहीं माना है। डबल इंजन की सरकार जैसे जुमलों को जनता ने नकार दिया है। इन चुनावों में कांग्रेस के 40 प्रतिशत कमीशन वाले आरोप पर भाजपा बुरी तरह घिरी। कांग्रेस की 5 गारंटियों ने जनता के दिल में जगह बनाई और भाजपा की नकारात्मक राजनीति की अपेक्षा कांग्रेस की सुधारवादी राजनीति को जनता ने स्वीकार किया है। अब अगले सभी चुनावों में कांग्रेस को इसी योजनाबद्ध तरीके और उत्साह से लड़ने की जरूरत है, तभी जीत का सिलसिला कायम रह सकेगा।

# क्यों बरकरार रहा यूपी निकाय चुनावों में योगी का मैजिक

**आर.के. सिन्हा**



**आगामी** 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले हरेक विधनासभा और नगर निगम चुनावों पर सारे देश की निगाहें रहने वाली हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कर्नाटक विधानसभा और यूपी नगर निकाय चुनावों के नतीजों को देखना होगा। कर्नाटक में बीजेपी को निराशा हाथ लगी लेकिन यूपी निकाय चुनाव परिणामों ने पार्टी को जश्न मनाने का पूरा मौका दिया है। अभी देश में सिर्फ. और सिर्फ. कर्नाटक चुनावों की ही चर्चा हो रही है । जबकि , यूपी नगर चुनाव में कर्नाटक में जितने मतदाताओं ने भाग लिया उससे कहीं ज्यादा मतदाताओं ने यू ० पी० के चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग किया । अतः मैं तो आज यू ० पी० निकाय चुनावों की ही चर्चा करूँगा । भारतीय जनता पार्टी ने यू ० पी ० में अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगमों में अपना परचम लहराया है।नगर निगमों के अतिरिक्त भी सभी अन्य निकायों में भाजपा का प्रदर्शन अत्यंत ही प्रभावशाली रहा है । सपा , कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया , ऐसा कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी । बेशक, इनचुनाव परिणामों से बीजेपी के कार्यकताओं का तो हौंसला बढेगा ही, ताज्जुब नहीं की लोकसभा चुनाव प्रचार में योगी के यूपी मॉडल की गूंज सुनाई दे ।सर्वाधिक लोकसभा सीटों वाले प्रदेश यूपी के निकाय चुनाव को लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तौर पर देखा जा रहा था। चाहे सत्तारूढ़ बीजेपी और उसके सहयोगी दल हों, विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी या कांग्रेस हो। प्रत्येक राजनीतिक दल के लिए यह निकाय चुनाव चुनाव उतना ही मायने रखता था। सभी दल अपने-अपने हिसाब से जोर भी खूब लगा रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए निकाय चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। क्योंकि यह पहला चुनाव था, जो अकेले योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी लड़ रही थी। योगी के ऊपर पूरे चुनाव का दारोमदार था। ऐसे में जीत का श्रेय भी योगी आदित्यनाथ को ही मिलना लाजमी है। यूपी नगर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगमों में अपना परचम लहराया है। 2017 के विधानसभा चुनावों से लेकर यूपी में हुए अब तक के हर चुनाव पर नजर डालें तो योगी की छवि कद्दावर नेता के तौर पर उभरती नजर आती है। 2017 में योगी आदित्यनाथ जब बीजेपी की प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री बनाए गए तो उनकी अगुवाई में बीजेपी ने पहला चुनाव, नगर निकाय का ही लड़ा था। उस चुनाव में बीजेपी ने कुल 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी, यही नहीं 70 नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायतों में 100 सीटों पर जीत के साथ बढ़िया प्रदर्शन किया था। भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद इस परिणाम के बाद योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम की प्रशंसा की थी लेकिन चुनावी पंडितों ने जीत की वजह मोदी मैजिक को ही बताया था। इसके पांच साल बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दोबारा यूपी की सत्ता हासिल की। इस प्रचंड जीत से योगी की बेहतर प्रशासक की छवि पुष्ट हुई । लेकिन राजनीतिक पंडित अभी भी इस सवाल से जूझ रहे थे कि क्या योगी अकेले पार्टी की चुनावी नैया पार लगा सकते हैं? कर्नाटक विधानसभा और यूपी निकाय चुनाव एक साथ हुए। चुनाव के दौरान बीजेपी की पूरी केंद्रीय टीम ने कर्नाटक में ताकत झोंक रखी थी। योगी आदित्यनाथ निकाय चुनाव में अकेले ही मोर्चे पर डटे रहे। वह अपने मंत्रियों, विधायकों के साथ राज्य बीजेपी टीम की अगुवाई कर रहे थे। निकाय चुनाव की योगी के लिए क्या अहमियत थी इसका अंदाजा चुनावी रैलियों से लगाया जा सकता है। योगी आदित्यनाथ ने महज 13 दिन में संवाद का अर्धशतक लगाया, 50 रैलियां की। सपा मुखिया अखिलेश यादव से लेकर तमाम दूसरी पार्टियों की तुलना में योगी ने चुनाव प्रचार में कहीं ज्यादा पसीना बहाया। हर दिन वो अलग अलग जिलों के दौरे पर रहे। इतना ही नहीं निकाय चुनाव के बीच में 3 दिन कर्नाटक में भी चुनाव प्रचार किया । मुख्यमंत्री ने प्रत्येक चुनावी रैली में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता, यूपी में नए मेडिकल कॉलेज, हाईवे समेत इंफ्रास्ट्रक्चर एवं चौतरफा विकास पर खूब बोला । लेकिन , सबसे ज्यादा जोर अपराधियों के खिलाफ एक्शन पर दिया। पूरे चुनाव में माफियाओं को मिट्?टी में मिला देंगे वाला बयान सर्वाधिक चर्चा में रहा। उमेश पाल हत्याकांड के बाद यूपी सरकार का बुलडोजर एक्शन से लेकर शूटर्स का एनकाउंटर हो या माफिया अतीक अहमद और उसके भाई की पुलिस कस्टडी में हत्या।बीजेपी हाल के इन घटनाक्रमों को इस तरह से पेश किया जैसे योगी सरकार में ही यह संभव था। अतीक-अशरफ की हत्या के बाद प्रयागराज पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिए बिना कहा भी था कि यहां की धरती अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती। प्रकृति न्याय जरूर करती है। जो जैसा करेगा, उसको वैसा ही फल मिलता है। जिन लोगों ने अन्याय किया था प्रकृति ने उनके साथ न्याय कर दिया। इसी निकाय चुनाव के दौरान पश्चिम उत्तर प्रदेश में यूपी एसटीएफ ने दुर्दांत गैंगस्टर अनिल दुजाना को एनकाउंटर में मार गिराया, जिसकी खूब चर्चा हुई। अपनी रैलियों में योगी ने नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा। और रंगदारी न फिरौती, अब यूपी नहीं है किसी की बपौती, जैसे लोकप्रिय नारे गढे। योगी आदित्यनाथ ने तो नगर निकाय चुनावों को देवासुर संग्राम तक कह डाला था। सहारनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि यह चुनाव देवासुर संग्राम से कम नहीं है। चुनाव में दानव के रूप में भ्रष्टाचारी हैं, दुराचारी हैं और अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं। जनता की मदद से निकाय चुनाव में ऐसी ताकतों को किनारे लगा देना है। सहारनपुर में बसपा उम्मीदवार इमरान मसूद चुनाव को हिंदू-मुसलमान में बांटने की कोशिश करते रहे। पर वे नाकाम रहे। वे हारे, बीजेपी जीती। योगी सरकार एक तरफ चौतरफा विकास पर ध्यान दे रही है तो वहीं दूसरी तरफ कानून व्यवस्था की बेहतरी पर प्राथमिकता से ध्यान दे रही है। दुर्दांत माफियाओं पर नकेल कसने के साथ सतत पुलिस सुधारों की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इसके सकारात्मक परिणाम अब दिखने लगे है। कानून व्यवस्था की स्थिति सुधरने की वजह से निवेश बढा है। कभी बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला यूपी आज न केवल घरेलू बल्कि विदेशी निवेशकों को भी आकर्षित कर रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिडला, टाटा समूह के एन चंद्रशेखर से लेकर ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के सीईओ डेनियल बिचर समेत उद्योगजगत के दिग्गजों की उपस्थिति इसका प्रमाण था। कुल 33 लाख करोड रुपये के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। बीजेपी को पता है कि यूपी बदलाव के दौर से गुजर रहा है। मैं मानता हूं कि जनता विकास और तरक्की चाहती है, न कि जातपात का जहर। माफियाओं से पूरा यूपी मुक्ति चाहता है। इसलिए कुछ राजनीतिक दल भले ही बुलडोजर कार्रवाई की निंदा करें लेकिन योगी अपने पथ पर अडिग चले जा रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# इमरान खान की गिरफ्तारी से संकट में पाक

**भारत** के पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस वक्त गृहयुद्ध जैसे हालात बन रहे हैं। मंगलवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नेशनल अकाउंटिबिलिटी ब्यूरो (नैब) ने भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। वैसे तो इमरान खान पर कुल 83 एफआईआर विभिन्न मामलों में दर्ज है, जिनमें महिला जज को धमकी देना, बतौर प्रधानमंत्री मिले तोहफों को तोशाखाने में जमा न करना आदि शामिल हैं। लेकिन अभी इमरान खान को अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट में कदाचार करने के जुर्म में नैब ने गिरफ्तार किया है। कहा जा रहा है कि कई नोटिस दिए जाने के बावजूद इमरान खान पेश नहीं हुए, तो उन्हें गिरफ्तार किया गया। हालांकि जिस तरह से इमरान खान की गिरफ्तारी हुई है, उस पर उनके समर्थक सवाल उठा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इमरान खान किसी अन्य मामले में जमानत के लिए हाईकोर्ट गए थे, लेकिन उन्हें वहां अप्रत्याशित तरीके से गिरफ्तार किया गया। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीके इंसाफ के नेताओं ने इस गिरफ्तारी को अपहरण करार दिया है। आरोप है कि इमरान खान के साथ हिंसा भी हुई, हालांकि नैब ने ऐसे किसी आरोप से इंकार किया है।
पिछले साल इमरान खान को सत्ता से हटाया गया था और तब से उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप मौजूदा शाहबाज शरीफ की सरकार ने लगाए हैं। लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था और इस दौरान सत्ता से हटने के बावजूद इमरान खान सरकार के लिए लगातार चुनौती खड़ी कर रहे थे। उनके समर्थकों की बड़ी तादाद है और उन्हीं के दम पर इमरान खान फिर से सत्ता में वापसी की उम्मीदें लगाए बैठे थे। वे लगातार अपनी सत्ता से बेदखली को गलत बताते हुए निष्पक्ष चुनाव की मांग कर रहे थे। लेकिन शरीफ सरकार ने चुनावों की कोई पहल नहीं की। बल्कि अब इमरान खान को गिरफ्तार कर उनके राजनैतिक भविष्य को पूरी तरह खत्म करने की तैयारियां दिख रही हैं। दरअसल इमरान खान इस समय अपनी लोकप्रियता के शिखर पर हैं और सरकार को लगता है कि खान अगर कुछ दिनों तक जेल में रहेंगे तो उनकी लोकप्रियता में कमी आएगी। इधर सेना से भी इमरान खान के रिश्ते बीते दिनों खराब हो गए हैं। इसलिए अगर इमरान खान चुनाव जीतकर फिर से प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो सेना के लिए बहुत परेशानी हो जाएगी। इसलिए सरकार और सेना की कोशिश है कि इमरान खान को जेल में बंद करके चुनाव करवाएं जाएं। क्योंकि तब उनके जीतने की संभावनाएं कम रहेंगी। 2018 में नवाज शरीफ को भी जेल में बंद करके चुनाव करवाया गया था, और इसका नुकसान उन्हें हुआ था। शरीफ सरकार चुनाव कब करवाती है और इससे किसे फायदा और किसे नुकसान होता है, ये तो बाद की बात है। लेकिन अभी शरीफ सरकार के लिए चौतरफा मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। इमरान खान की गिरफ्तारी पर उनके समर्थक देश भर में हिंसक प्रदर्शन तो कर ही रहे हैं, पाकिस्तानी सेना भी उनके निशाने पर आ गई है। कई जगह सेना के ठिकानों को आग के हवाले कर दिया गया है। पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय में भी इमरान खान समर्थक घुस गए और तोड़फोड़ की है। पाकिस्तानी का सियासी इतिहास इस बात का गवाह है कि वहां निर्वाचित सरकारें भी सेना की बैसाखी के बिना कदम नहीं बढ़ा सकती हैं। ऐसे में इमरान खान ने सीधे सेना से मुठभेड़ कर ली है। अगर सेना कमजोर दिखी तो शरीफ सरकार की मुश्किल और बढ़ेगी। सरकार पहले ही पाकिस्तान के आर्थिक संकट की वजह से फंसी हुई है। पिछले साल सत्ता संभालने पर शहबाज शरीफ ने सबसे बड़ा वादा किया था कि वो पाकिस्तान को मौजूदा आर्थिक स्थिति से बाहर निकालेंगे। लेकिन अभी हालात इतने बदतर हैं कि लोग दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं। एक डॉलर की क ीमत 285 पाकिस्तानी रुपए हो गई है, ब्याज की दर में 9.5 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है, पेट्रोल और डीजल की क ीमत में लगभग 150 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, देश का मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर से घटकर करीब 4.2 अरब डॉलर हो गया है।

# गधों के लिए है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**स्वतंत्रता** से पहले राजा-रजवाड़ों का शासन था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात एक-एक कर इन्हें मिला लिया गया। यह राजाओं को रास नहीं आया। लेकिन वे मजबूर थे। धीरे-धीरे परिस्थितियाँ सामान्य होने लगीं। राजाओं को भी लगा जो हुआ अच्छा हुआ। बहुत हुआ अपना शासन। अब देखते हैं जनता का शासन कैसा होता है। कुछ दिन बीते। एक राजा अपने घोड़े पर सवार शहर की ओर निकल पड़ा। उसने इधर-उधर नजर दौड़ाई। उसने देखा कि शहर में बड़े-बड़े भवन बन चुके हैं। चमचमाती सड़कों से रौनक बढ़ गई है। तरह-तरह की दुकानों में तरह-तरह की चीजें बिक रही थीं। तभी राजा की नजर एक ऐसे बंदे पर पड़ी जो सड़क के एक किनारे जमीन पर कागज के टुकड़े बिछाकर ग्राहक की खोज में आँखें बिछाए बैठा था। राजा उसके पास गया। उसने पूछा झ यह कागज के टुकड़े क्या हैं? इन्हें इस तरह से क्यों बिछाकर रखा है? इससे अच्छा कोई दूसरा धंधा क्यों नहीं कर लेते? इस पर बंदे ने कहा झ घोड़े और मुकुट से तो आप राजा लगते हैं। आपके जमाने में पढ़ाई नहीं थी। इसीलिए आप अनपढ़ रह गए। इन कागजों का महत्व आप क्या समझेंगे? राजा ने कहा झ बात तो तुम्हारी एकदम ठीक है। लेकिन हम कर भी क्या सकते हैं? भाग्य में जो लिखा था वही मुझे प्राप्त हुआ। भाग्य का लिखा कौन बदल सकता है? बंदे ने कहा कौन कहता है नहीं बदल सकते? इन कागज के टुकड़ों से भाग्य बदल सकते हैं। राजा ने कहा इन कागज के टुकड़ों से? वह कैसे? बंदे ने कहा झ ये कागज के टुकड़े नहीं हैं। ये डिग्री हैं डिग्री। इसे जो प्राप्त कर लेता है समाज उसका खूब सम्मान करता है। उसे पढ़ा-लिखा मानकर उसकी खातिरदारी करता है। राजा ने कहा वाह। यह तो बहुत बढ़िया बात है। मेरे लायक कोई डिग्री हो तो मोल-भाव करके दे दो। बंदे ने कहा क्यों नहीं राजा जी। आपके लिए एम.ए. की डिग्री सबसे अच्छी रहेगी। आपका चेहरा, शरीर का आकार इस डिग्री पर एकदम फिट बैठता है। आगे से आप किसी को मिलें तो खुद को एम.ए. पास कहें। फिर देखिए किस तरह लोग आपकी प्रशंसा करने लगेंगे। राजा ने अपने गले से एक सोना जड़ित हार निकालकर बंदे को दे दिया। बदले में डिग्री लेकर खुशी-खुशी अपने घोड़े पर सवार घर की ओर निकल पड़े। रास्ते में राजा को क्या सूझा कि अचानक से वे रुक गए। उन्हें लगा मैं तो डिग्री पास हो गया किंतु मेरा घोड़ा तो अनपढ़-गंवार ही रह गया। क्यों न मेरे घोड़े के लिए भी एक डिग्री ले लूँ। पढ़ा-लिखा घोड़ा होगा तो मेरा सम्मान और बढ़ जाएगा। यही सोचकर डिग्री बेचने वाले बंदे के पास आनन-फानन में पहुँच गया।

# कामदगिरि स्वच्छता समिति 69वां अभियान

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता समिति ने 69वें अभियान के तहत कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान चलाया।
रविवार को जिलाधिकारी की प्रेरणा से अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रवादी सफाई अभियान है। इसमें सभी को सहयोग देना चाहिए। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक स्वच्छता मिशन है। स्वच्छता अभियान में जुड़कर सभी को सहयोग करना चाहिए। कामतानाथ पर्वत पौराणिक जगह है। पर्वत साफ होने से पर्यटक आकर्षित होते हैं। पर्यटक भी सफाई पर ध्यान दें। खाद एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान स्वतः में



अनूठा अभियान है। ऐसे अभियान समाज को जागरूक करते रहने को चलते रहना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि साफ-सुथरा व स्वच्छ माहौल रहे, ये सबकी जिम्मेदारी है। अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, शुभम केशरवानी, अंकुर केसरवानी, सुमित केसरवानी, विनोद कुमार, विनय कुमार, अनूप कुमार, दीपक मलिक आदि ने सहयोग किया।

## दबंगों की मनमानी का शिकार अनुसूचित जाति का युवक, थाने में न सुने जाने पर एसपी से लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के अगरहुडा गांव में दबंगों की मनमानी के चलते अनुसूचित जाति के गरीब परिवार के साथ गाली-गलौज व मारपीट की जा रही है। पीड़ित के थाने में शिकायत दर्ज कराने जाने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही।



रविवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के अगरहुडा गांव के श्रीराम पुत्र समाजी रैदास ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में बताया कि आठ मई को पूर्वान्ह 11 बजे ई-रिक्शा में बैठकर घर जा रहा था। अचानक गांव के ही दबंग भूपेंद्र सिंह उर्फ पप्पू पुत्र स्व राम कल्याण सिंह ने गाली- गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित किसी तरह से जान बचाकर भागकर थाने में घटना की जानकारी दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नौ मई को पुनः दबंगों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज किया। पीड़ित फिर थाने गया, कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित के थाने से घर लौटने पर रास्ते में भूपेंद्र सिंह उर्फ पप्पू पुत्र स्व रामकल्याण सिंह व लायक सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह ने गाली-गलौज कर मारपीट की। इसकी सूचना थाने में दस मई की रात दस बजे दी। दबंग ने घर जाकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके पिता से कहा कि दिखाई दिया तो गोली मार देंगे। हताश-परेशान पीडित ने एसपी व डीएम को लिखे पत्र में न्याय की गुहार लगाई है। अभी तक कोई कार्यवाही न होने से दबंगों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित डरा-सहमा है। उसे भय है कि उसके साथ अनहोनी न हो जाये।

## पहाड़ी ब्लाक में तैनात संविदा कर्मी करा रहे गांवों में ठेकेदारी, जिलाधिकारी से जांच की मांग

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक में तैनात संविदा कर्मी कम्प्यूटर आपरेटर के कारनामों की चर्चा जोरों पर है। भारत सरकार के गरीबों को दी जा रही योजनाओं में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में ग्राम पंचायतों के पंचायत मित्रों से मिलीभगत कर फर्जी मस्टररोल फीडिंग की जा रही है।
रविवार को फर्जी मस्टररोल का खुलासा हुआ। बताया गया कि मनरेगा से कराये जा रहे कार्यों में ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की फाइलों में अधिकारियों से कमीशन की मिलीभगत में हिस्सेदारी अहम भूमिका कम्प्यूटर आपरेटर निभा रहा है। इस कम्प्यूटर ऑपरेटर की आय के स्त्रोतों का पता लगायें तो अवैध बेनामी सम्पत्ति निकल कर बाहर आयेगी।
ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कमीशनखोर कम्प्यूटर आपरेटर व पंचायत मित्र के मनरेगा में काम न होने के बाद भी फर्जी मस्टररोल की फीडिंग कम्प्यूटर ऑपरेटर के कार्यों की जांच कराई जाये। पहाड़ी ब्लाक में तैनात संविदा कर्मी आपूर्तिकताओं की आड में ग्राम पंचायतों में ठेकेदारी भी कर रहे हैं। मानक विहीन कार्य कराकर सरकारी धन को ठिकाने लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जिलाधिकारी ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों की जांच करायें तो खुलासा हो जायेगा।

## बीकापुर नगर पंचायत में 331 वोटों से जीती भाजपा

**बीकापुर-अयोध्या। नगर** पंचायत बीकापुर के अध्यक्ष पद पर कड़े मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी राकेश पांडे राना ने 2090 मत पाकर 331 मतों से जीत हासिल की।दूसरे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी लालमणि निषाद को 1759 मत मिले हैं। तीसरे स्थान पर रहे सपा उम्मीदवार निवर्तमान चेयरमैन जुग्गीलाल यादव को 1565 मत मिले हैं। निर्वाचन अधिकारी सर्वेश कुमार पांडे ने दी जानकारी।

## पार्षदों में भाजपा के 27, सपा के 17 समेत 10 निर्दलों ने मारी बाजी

**अयोध्या। नगर निकाय चुना**व की मतगणना के बाद नगर निगम के सदन में सियासी दलों के प्रतिनिधित्व की तस्वीर साफ हो गई। निगम क्षेत्र की जनता ने भले ही महापौर पद की कुर्सी सत्ताधारी दल भाजपा के गिरीशपति त्रिपाठी के हाथों सौंपी हो लेकिन बहुमत भाजपा को नहीं दिया है। सदन में रालोद, पीस और आम आदमी पार्टी के एक एक पार्षद को चुनकर भेजा है तो कांग्रेस को सदन से बाहर ही रखा है। पार्षद पद की 27 सीट भाजपा, 17 सीट सपा और तीन सीट बसपा के खाते में गई है। निर्दलीय 10 सीटों पर कब्जा कर भाजपा और सपा के बाद सदन में तीसरी बड़ी ताकत बनकर उभरे हैं। पांच वर्ष पूर्व भाजपा के शासनकाल में अयोध्या और फैजाबाद नगर पालिका को मिलाकर शासन ने अयोध्या नगर निगम का गठन किया था। नगर निगम के पहले कार्यकाल के अंतिम वर्ष शासन की ओर से नगर निगम की सीमा का विस्तार किया गया था और देहात क्षेत्र के 41 गांवों को जोड़ने के बाद नगर निगम में कुल वार्डों की संख्या 60 कर दी गई थी। इस बार इन्हीं 60 वार्डों में पार्षद पद के लिए विभिन्न राजनितिक दलों की ओर से अपनी-अपनी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को मैदान में उतरा तथा तथा ईवीएम से मतदान कराया गया था। शनिवार को शहर के राजकीय इंटर कालेज परिसर में मतगणना कराई गई। मतगणना के बाद घोषित परिणाम की राजनितिक दलों के आधार पर समीक्षा में पता चलता है कि महापौर पद पर नगर क्षेत्र की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को 35 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से जिताया लेकिन भाजपा को सदन में पूर्ण बहुमत नहीं दिया। मतदाताओं ने भाजपा को 27, मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को 17 तथा बहुजन समाज पार्टी को केवल तीन सीट पर विजय दी। वहीं राष्ट्रीय लोकदल, पीस पार्टी और आम आदमी पार्टी को एक-एक सीट पर विजय देकर निगम के सदन में कुर्सी सौंपी है तो पिछली बार सदन में कांग्रेस को एक सीट दी थी लेकिन इस बार कांग्रेस को सदन से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

# सपा को ले डूबी टिकट बंटवारे की मनमानी

## भजपा ने पहली बार जिले में तीन सीटे जीतीं- बसपा-कांग्रेस की हालत और हुई पतली

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** जिले की चारों नगर निकाय सीटों पर भाजपा ने तीन पर कब्जा कर लिया है, एक सीट पर निर्दलीय ने कब्जा किया। इसे लेकर सपाइयों में पराजय का आंकलन जारी है। ज्यादातर सपाइयों का मानना है कि टिकट वितरण में मनमानी के चलते जिले से सपा का सफाया हुआ है। वहीं भाजपा को भी मानिकपुर नगर पंचायत में पराजय का मुंह देखना पड़ा है। सपा की शर्मनाक हार राजापुर, मानिकपुर व मऊ में हुई है। कर्वी नगर पालिका में प्रत्याशी जमानत बच गई है।

सूबे में भाजपा की सरकार होने का नगर निकाय चुनाव में भाजपा को जमकर लाभ मिला है। राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर खड़े भाजपा प्रत्याशी संजीव मिश्रा को निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती आदर्श द्विवेदी से 1334 मतों से जीत हासिल हुई। इसी प्रकार कर्वी नगर पालिका सीट पर भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने सपा प्रत्याशी जागेश्वर यादव से 6496 मतों से जीत हासिल की है। नरेन्द्र गुप्ता को 17355 व जागेश्वर यादव को 10859 मत मिले। भाजपा से बागी निर्दल निशी सोनी को 6054 मत मिले हैं। अन्य आठ प्रत्याशी जमानत नहीं बचा सके। यही हाल मानिकपुर नगर पंचायत में निर्दल रानी देवी कोल ने भाजपा प्रत्याशी बिट्टी देवी कोल को 3229 मत पाकर जीत हासिल की है। भाजपा प्रत्याशी बिट्टी देवी को महज 1558 मत मिले हैं। यहां बसपा प्रत्याशी मनीषा देवी को 1128, निर्दल ऊषा देवी भारती को 1097, सपा प्रत्याशी मंझली देवी को 389, कांग्रेस प्रत्याशी मेनका को 116 मत मिले हैं। यहां निवर्तमान चेयरमैन विनोद द्विवेदी ने अपनी निर्दल प्रत्याशी रानी देवी को जिताकर मानिकपुर में दिखा दिया कि उनका जलवा बरकरार है। इसे लेकर सपाइयों ने आत्ममंथन में माना कि टिकट बंटवारे में मनमानी के चलते जिले से सपा का सफाया हुआ है। सपा नीति-नियंताओं ने जिताऊ प्रत्याशी पर दांव लगाने का प्रयास ही नहीं किया।
सामान्य के लिए आरक्षित कर्वी सीट पर जब भजपा ने वैश्य प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता को घोषित कर दिया था तो सपा को यादव की जगह अन्य बिरादरी पर दांव लगाना चाहिए था, वह ब्राम्हण या पटेल होता तो सपा की नइया पार हो सकती थी। पहली बार मऊ नगर पंचायत सीट घोषित होने पर नगर पंचायत में भाजपा के अमित द्विवेदी को 2953 मत मिले। निर्दल संदीप त्रिपाठी को 1449, आजाद पार्टी के कृपाशंकर को 1384, सपा के सचिन रस्तोगी को 1312 व बसपा के जमुना केशरवानी को 973 मत मिले। भाजपा ने मऊ सीट 1509 मतों से जीत ली है। राजापुर सीट में भाजपा पहले दो राउंड में पीछे हुई। बाद में बढत बनाई। अंत में भाजपा प्रत्याशी संजीव मिश्रा को 4467 मत मिले। निर्दलीय आदर्श मनोज द्विवेदी को 3133, सपा के प्रिंस केशरवानी को 1460, बसपा की उमा देवी को 2021 मत मिले। इस प्रकार भाजपा के संजीव मिश्रा ने 1334 मतों से जीत हासिल की।
नगर निकाय चुनाव में जिले में पहली बार भाजपा को बडी कामयाबी मिली है। एक साथ चार में तीन सीट भाजपा प्रत्याशियों ने जीत का झंडा फहराया।

कांग्रेस-बसपा की तो जिले में पहले से हालत पतली है। निकाय चुनाव में तो इन दोनों दलों की हालत और पतली हो गई है। बसपा से लम्बे समय से जुड़े लोगों का मानना है कि बसपा जब तक अपनी धन वसूली की नीति पर बदलाव नहीं लायेगी, तब तक बसपा पतन के गर्त में जाती रहेगी। निकाय चुनाव के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों से भी सिम्बल देने के नाम पर बसपा ने सीटों पर लाखों रुपए की वसूली की है।

समाजवादी पार्टी ने भी टिकट बंटवारे में गम्भीरता नहीं दिखाई। राजापुर सीट में सपा ने बेहद कमजोर प्रत्याशी चुनाव में उतारकर खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है।

# नफरत हारी, भाईचारा जीता: कुशल

## कर्नाटक जीत पर कांग्रेसियों ने मनाई खुशी

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अगुवाई में कांग्रेसियों ने बजरंगबली के मंदिर जाकर पूजा-अर्चन किया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।
रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने 13 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आने पर कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होने पर आज खुशी मनाई। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताया है। भाजपा की नफरतवादी सोच को हराया है। कर्नाटक की जनता के प्रति



आभार जताते हुए कहा कि आने वाले वक्त में कांग्रेस पूरे देश में परचम लहराएगी। नफरत को हराकर भाईचारा स्थापित करेगी।

इस मौके पर कांग्रेस नेता चुनवाद प्रसाद, शिव गुलाम वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश गुप्ता, नरवेश सचान, अरुण गुप्ता, भैयालाल फौजी, पुरुषोत्तम यादव, शिव प्रसाद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# विद्युत चेकिंग अभियान में वसूला गया 1.12 लाख का राजस्व

## मुख्य अभियंता हरीश बंसल की अगुवाई में चलाया गया चेकिंग अभियान

**मिल्कीपुर-अयोध्या। विद्युत** उपकेंद्र मिल्कीपुर के चमनगंज फीडर अंतर्गत खिहारन गांव में विद्युत विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता हरीश बंसल की अगुवाई में चलाए गए चेकिंग अभियान में विद्युत विभाग ने 1.12 लाख बकाया बिल वसूला।चेकिंग के दौरान 5000 से अधिक बिल वाले बकायेदारों से प्रमुख रूप से बिल वसूला गया और 17 बड़े बकायेदारों की बिजली काट दी



गई।निरीक्षण के दौरान खराब मीटर तथा मीटर न होने वाले 9 घरों में विद्युत विभाग ने नया मीटर लगाया। इस दौरान मुख्य अभियंता ने अपने अधीनस्थों को प्रत्येक ट्रांसफार्मर से पोषित उपभोक्ताओं की सूची बनाने के साथ साथ विद्युत कर्मियों से जल्द ही पूरे गांव को क्लीन करने का निर्देश दिया।चेकिंग अभियान में मुख्य अभियंता के साथ अधीक्षण अभियंता सुशील गर्ग, अधिशासी अभियंता सत्यनारायण यादव,उपखंड अधिकारी अमित कुमार,अवर अभियंता रामचरित्र,टीजीटू अनुराग मौर्य,लाइनमैन अखिलेश कुमार,केके यादव,संतोष कुमार,मीटर रीडर राम अवध मिश्रा,राज प्रकाश आदि शामिल रहे।

# पिछली बार हारी मेरठ व अलीगढ़ में भी योगी के विकास की जीत

**लखनऊ। नगर** निकाय चुनाव में पूरा यूपी योगीमय हो गया। यूपी के 17 नगर निगम सीटों पर भगवा लहराया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सारथी की भूमिका में यूपी की सभी 17 नगर निगम सीटों पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील की थी। सीएम योगी के कार्यों का परिणाम ही है पिछली बार हारी मेरठ व अलीगढ़ की सीट भी भारतीय जनता पार्टी के खाते में गई। वहीं पहली बार बने शाहजहांपुर में भी कमल ने कमाल कर दिया। यहां भी पहला नागरिक बनने का गौरव भाजपा उम्मीदवार अर्चना वर्मा को मिला।

**17 में से 17 पर कमल**

भारतीय जनता पार्टी ने यूपी की सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। इनमें से कानपुर, बरेली व मुरादाबाद में भाजपा ने निवर्तमान महापौर पर ही दांव लगाया था, शेष सभी सीटों पर नए कार्यकताओं को चुनाव मैदान में उतारा था। 17 में से 17 सीटों पर योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों पर आमजन ने मुहर लगाई और कमल खिलाया।
भाजपा के साथ से प्रमिला, विनोद, हरिकांत व उमेश दोबारा बने महापौर भारतीय जनता पार्टी और योगी के प्रति आमजन का विश्वास है कि पार्टी के चार प्रत्याशियों ने दूसरी बार महापौर बनने का गौरव हासिल किया।

## भागवत भक्ति ज्ञान वैराग्य की है निर्मल गंगा: नवलेश

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** कथा व्यास नवलेश दीक्षित ने कहा कि श्रीमद्भागवत भक्ति ज्ञान वैराग्य की निर्मल गंगा है। श्रीमद्भागवत महात्मय में सच्चिदानंद भगवान को प्रणाम कर दूसरे श्लोक में सुखदेव भगवान को प्रणाम कर भागवत कथा का शुभारम्भ किया।



रविवार को एसडीएम कालोनी में केशरवानी परिवार में कथा सुनाते हुए कथा व्यास नवलेश दीक्षित ने कहा कि भक्ति ज्ञान वैराग्य का चरित्र सुनाते हुए कहा कि वासना से ही जीव पुत्र बनता है और वासना से ही जीव पिता बनता है। संसार असार है। हर मनुष्य को आध्यात्मिक ऊर्जा में भरोसा रखना चाहिए।
कर्वी एसडीएम कॉलोनी में केशरवानी परिवार ने श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन ध्यान से कथा सुनी। कथा अपरान्ह तीन बजे से शाम सात बजे तक होगी। वरिष्ठ नागरिकों ने आरती-पूजन किया।

## जनता की कसौटी पर उतरेंगे खरे: नरेन्द्र

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** भाजपा से नगर पालिका परिषद कर्वी का अध्यक्ष पद जीतने के बाद नरेन्द्र गुप्ता ने पालिका क्षेत्र के सभी मतदाताओं एवं कार्यकताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे जनता की कसौटी पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जनता के दुख-सुख में खड़े होने के साथ शासन से धन आवंटित होने पर नगर क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बांकी नहीं रखेंगे।



रविवार को अध्यक्ष पद के विजयी प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि उनकी प्राथमिकता गरीब तबके के लोगों का हर सम्भव विकास की है। नगर क्षेत्र के लोगों को शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी बन्धुओं के व्यापार में वृद्धि को भी वे बोर्ड की बैठक में योजना बनाकर कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के विस्तारित क्षेत्रों में बहुत कार्य कराने हैं। कहीं पर जल निकासी की समस्या है तो कहीं रास्ता नही है। विस्तारित क्षेत्र में लोगों के पास प्रधानमंत्री आवास नहीं है। लोगों का ज्यादा से ज्यादा विकास कराना उनका लक्ष्य है।

## स्थानांतरण नीति में एक अप्रैल 2024 हो सकती है 3 साल की कट ऑफ डेट

**कन्नौज। यूपी** की नई स्थानांतरण नीति में जिले के भीतर तीन साल अवधि की गणना 1 अप्रैल 2024 से हो सकती है। अन्य वर्षों की तरह यह कट ऑफ डेट 1 अप्रैल 2023 माने जाने से काफी कम कार्मिकों के इस दायरे में आने की संभावना है। इसलिए इस विकल्प पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है।
प्रदेश में शीघ्र ही नई स्थानांतरण नीति आएगी, जो सभी विभागों और सरकारी कर्मियों पर लागू होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, यह नीति 20 मई तक आ जाएगी। स्थानांतरण के लिए 30 जून तक का समय मिलेगा। जिले में तीन साल और मंडल में 7 साल पूरे कर चुके समूह क व ख के अधिकारियों को जिले या मंडल से बाहर भेजा जाएगा। अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। आचार संहिता लागू होते ही चुनाव आयोग पिछले चार साल में से तीन साल एक ही जिले में रहने वाले वाले अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए कहता है, बशर्ते उनकी जिम्मेदारी चुनाव से संबंधित हो । इसको ध्यान में रखते हुए भी नई नीति में यह व्यवस्था रहेगी कि जिन कर्मियों के 1 अप्रैल 2024 को तीन साल पूरे होने वाले हों, उन्हें अभी से दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया जाए।
वर्ष 2023-24 के लिए जल्द ही नई तबादला नीति लाने की तैयारी
विभागाध्यक्षों को एक माह मिलेगा तबादले का मौका
मुख्यमंत्री को भेजा गया नई तबादला नीति का प्रस्ताव।तबादला रुकवाने की कोशिश की तो कार्रवाई। आकांक्षी जिलों में सभी पद भरना अनिवार्य होगा। केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश में घोषित किए गए आठ आकांक्षी जिलों चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती व बहराइच और बुंदेलखंड के सभी सात जिलों झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट व महोबा में हर विभाग को सभी पदों पर प्रत्येक दशा में तैनाती करते हुए उन्हें भरना अनिवार्य किया जाएगा।कर्मियों के तबादले में ऑनलाइन को अधिक महत्व दिया जाएगा। इसीलिए सभी विभागों को यह भी निर्देश दिया जाएगा कि अधिकारियों और कर्मचारियों का पूरा ब्यौरा ऑनलाइन फीड कर लिया जाए, जिससे साफ्टवेयर के आधार पर तबादला किया जाएगा। इससे तबादले में गड़बड़ी और धांधली की संभावना कम हो जाएगी।
राज्य सरकार वर्ष 2023-24 के लिए जल्द ही नई तबादला नीति लाने जा रही है। इस बार विभागाध्यक्षों को करीब एक माह तबादला करने का मौका दिया जाएगा। पिछली बार उन्हें केवल 15 दिन का ही मौका मिला था। स्थानांतरित होने वाले कर्मियों को जुलाई में नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। तबादला रुकवाने या फिर कार्यभार ग्रहण करने में देरी करने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री से मंजूरी के लिए कार्मिक विभाग ने तबादला नीति का प्रस्ताव भेज दिया है। उनकी मंजूरी के बाद विभागों से राय लेने के बाद इसे कैबिनेट से मंजूर कराया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि ये सभी प्रक्रियाएं इसी माह पूरी कर ली जाएंगी, जिससे जून में स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो सके। प्रस्तावित नीति के मुताबिक राज्य सरकार के अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले 30 जून तक किए जा सकेंगे। विशेष परिस्थितियों में मुख्यमंत्री की अनुमति पर कुछ समय-सीमा और बढ़ाई जा सकती है। यह नीति एक साल के लिए होगी। समूह क और ख के अधिकारियों के जिले में तीन वर्ष और मंडल में सात वर्ष पूरे होने पर तबादले किए जाएंगे। स्थानांतरित किए जाने वाले समूह क और ख के अधिकारियों की संख्या संवर्गवार कार्यरत अधिकारियों की कुल संख्या का अधिकतम 20 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। समूह ग और घ के कार्मिकों के स्थानांतरण के संदर्भ में यह संख्या संवर्गवार कार्यरत कार्मिकों की संख्या का अधिकतम 10 प्रतिशत रखने की योजना है। समूह ख और ग के कार्मिकों के स्थानांतरण यथासंभव मेरिट के आधार पर ऑनलाइन ट्रांसफर सिस्टम के आधार पर करने का प्रस्ताव है। पुरानी नीति की तरह इस साल भी हर तीन साल पर समूह ग के कार्मिकों का पटल-क्षेत्र परिवर्तन किया जाएगा। मतलब एक ही पटल पर कोई कर्मचारी तीन साल से है तो उसका पटल बदल दिया जाएगा। कार्मिक विभाग का मानना है कि एक ही पटल पर सालों से काम करने से धांधली की संभावना बढ़ जाती है और कर्मचारी मनमानी करने लगता है।

## कन्नौज: नगर पालिका की 2 सीटों पर भाजपा, एक पर बसपा काबिज

**कन्नौज। जिले की** 8 नगर निकायों के परिणाम घोषित हो गए है।नगर पालिका परिषद की 3 सीटों में से दो, 2 छिबरामऊ और गुरसहायगंज भाजपा के खाते में गयी है जबकि एक जिला मुख्यालय की सीट पर बसपा ने अपना कब्जा कर लिया। नगर पंचायत की पांच सीटों में से बहुचर्चित तिर्वा गंज की सीट पर बेहद मामूली अंतर से भाजपा ने कब्जा कर लिया जबकि वर्षो बाद समधन नगर पंचायत पर कांग्रेस खाता खोलने में कामयाब हुई। तालग्राम सीट जहां सपा के खाते में गयी वही सौरिख और सिकन्दरपुर निर्दलीयों ने झपट ली। जिला मुख्यालय पर स्थित कन्नौज नगर पालिका सीट पर कांटे की लड़ाई हुई और 2025 वोटों के अंतर से बसपा प्रत्याशी कौसर जहां ने यह सीट भाजपा से छीन ली।

# विदेश संदेश

## अफगानिस्तान में इस साल भी टूटा पोलियो सुरक्षा चक्र, चार वर्षीय लड़की बीमार



**काबुल।** अफगानिस्तान में इस साल पोलियो सुरक्षा चक्र टूट गया। यहां नांगरहार प्रांत में एक चार साल की लड़की पोलियो वायरस से संक्रमित पाई गई है। तालिबानी हुकूमत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 2023 में देश में पोलियो सुरक्षा चक्र टूटने की यह पहली घटना है। मंत्रालय का कहना है कि इस साल यह दुनिया का दूसरा मामला है। अफगानिस्तान में साल 2020 में 56, 2021 में चार और 2022 में दो बच्चे पोलियो वायरस की गिरफ्त में आए थे। अधिकारियों का कहना है कि यह बीमारी पाकिस्तान और अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में अधिक है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में पोलियो विरोधी टीमों पर आतंकी हमले होते रहते हैं।

## नेपालः यूएमएल अध्यक्ष ओली ने की पार्टी के भीतर संघवाद विरोधी गतिविधियों की आलोचना

**काठमांडू।** नेपाल की मुख्य विपक्षी पार्टी सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने संघवाद के खिलाफ पार्टी के भीतर उठने वाली आवाज की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पार्टी में संघवाद विरोध का सुझाव चर्चा का विषय नहीं है। केंद्रीय सदस्य बिष्णु रिजाल ने आज केंद्रीय समिति की बैठक में ओली द्वारा दिए गए बयान का हवाला दिया और कहा कि यूएमएल संघवाद विरोधी मुद्दे को नहीं अपना सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूएमएल संघवाद के साथ लोकतांत्रिक गणराज्य के पक्ष में मजबूती से खड़ा रहेगा। यूएमएल ने संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य पर हमला होने की आशंका जताते हुए संबंधित पक्षों से इसे तुरंत रोकने के लिए सतर्क रहने का अनुरोध भी किया है। बैठक में यूएमएल के ओली के करीबी नेताओं महेश बासनेत और गोकुल बासकोटा ने पार्टी को संघवाद को खत्म करने के एजेंडे को अपनाने का सुझाव दिया था। 2015 में नेपाल की संविधान सभा ने संघवाद, धर्मनिरपेक्षता और गणतांत्रिक शासन प्रणाली के साथ एक संविधान बनाया था। हालांकि, हाल ही में नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) के प्रभावशाली नेता इसके खिलाफ नजर आने लगे हैं।



## जिन्ना हाउस-जीएचक्यू में तोड़फोड़ की जांच करेगी जेआईटी, पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने दिए आदेश

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पीटीआई पार्टी समर्थकों की एक बड़ी भीड़ ने पूरे पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन किया था। हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटे बाद भीड़ कमांडर कोर के आवास और जीएचक्यू में घुस गई थी। इस दौरान उन्होंने जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की थी। हालांकि, इमरान दो दिन बाद रिहा हो गए और घर लौट आए हैं। इस बीच, पंजाब प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने कोर कमांडर आवास उर्फ जिन्ना हाउस में आगजनी और तोड़फोड़ की घटना की जांच के लिए एक संयुक्त पूछताछ दल (जेआईटी) का गठन किया है।

उन्होंने एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की जिस दौरान प्रांत के महानिरीक्षक (आईजी) ने उन्हें शांति और सुरक्षा की स्थिति पर अपडेट प्रदान किया। आईजी की ओर से अपडेट मिलने के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने जिन्ना हाउस और जनरल मुख्यालय (जीएचक्यू) सहित अन्य सरकारी स्वामित्व वाली इमारतों में तोड़फोड़, आगजनी और घेराबंदी की घटना की जांच के लिए एक जेआईटी का गठन किया। कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने जेआईटी को घटनाओं की जांच करने और एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया, जिसे सरकार को दिया जाएगा। उन्होंने उन इलाकों में फेंसिंग करने का भी आदेश दिया जहां तोड़फोड़ और आगजनी की घटना हुई है।

## अमेरिका में भारतीय मूल की गीता को विदेश मंत्रालय में अहम जिम्मेदारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल की डॉ. गीता राव गुप्ता को विदेश मंत्रालय में अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमेरिकी सीनेट ने उन्हें विदेश मंत्रालय में महिलाओं से संबंधित वैश्विक मुद्दों के लिए 'एंबेसडर एट लार्ज' नियुक्त करने पर मुहर लगा दी।

विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया कि वह गीता राव गुप्ता के अमेरिकी विदेश नीति के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने के प्रयासों से प्रभावित है। इस सप्ताह की शुरुआत में सीनेट में हुए मतदान में इस पद पर नियुक्त के लिए 51-47 मतों से गीता के नाम की पुष्टि की गई। भारतीय-अमेरिकी गीता राव गुप्ता ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की विभिन्न एजेंसियों और कार्यक्रमों के साथ मिलकर काम किया है। वह यूएन फाउंडेशन के लड़कियों और महिलाओं के लिए 3डी कार्यक्रम



के कार्यकारी निदेशक के रूप में भी काम कर चुकी हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस नई भूमिका के लिए गुप्ता को नामांकित किया था।यूएन फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीटर येओ और यूएन फाउंडेशन की लड़कियों और महिलाओं की रणनीति के उपाध्यक्ष मिशेल मिलफोर्ड मोर्स ने कहा कि अमेरिकी वैश्विक नेतृत्व में गीता गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। दोनों ने उम्मीद जताई है कि डॉ. गुप्ता नई भूमिका को विशिष्टता के साथ पूरा करेंगी।

## सीमा विवाद को कूटनीतिक माध्यम से सुलझाएंः बिद्यादेवी भंडारी

**काठमांडू।** नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति विद्यादेवी भंडारी ने शनिवार को कहा कि भारत के साथ नेपाल की सीमा को लेकर स्पष्टता जरूरी है। भंडारी ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा विवाद को पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने राजनीतिक दलों और नेताओं से कूटनीतिक भूमिका निभाते हुए संवेदनशील रहने को भी कहा।

भंडारी ने भारत-नेपाल सीमा पर लिखी गई एक किताब के विमोचन के अवसर पर यह बात कही। डॉ. अच्युत गौतम और डॉ सुरेंद्र भंडारी द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई यह किताब लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी के बारे में है। राष्ट्रपति पद पर कार्यकाल खत्म होने के बाद पहली बार बिद्यादेवी भंडारी का भारत से लगी सीमा पर बोलना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत के अधीन आने वाले कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नेपाल के हैं। उल्लेखनीय है कि लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी भारत के अधिकार क्षेत्र में हैं, लेकिन नेपाल ने मई 2020 में जारी अपने नए नक्शे में इसका जिक्र किया है। उस वक्त सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे, जबकि बिद्यादेवी भंडारी राष्ट्रपति थीं। उस दौरान इस नए नक्शे का सत्यापन किया गया था। इस नक्शे के कारण दोनों देशों के



बीच सीमा विवाद छिड़ गया था। पूर्व राष्ट्रपति भंडारी ने कहा कि अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील होने के साथ-साथ अन्य देशों के हितों और सुरक्षा के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति भंडारी का यह बयान तब आया है जब सीपीएन (यूएमएल) की सक्रिय राजनीति में उनकी वापसी की चर्चा जोरों पर है।

## 'तब आप पैदा भी नहीं हुए थे, जब मैं...'इमरान ने पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता को दिया खुला चैलेंज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान मुखर होकर सेना की आलोचना कर रहे हैं। अब अपने ताजा बयान में इमरान खान ने सेना को खुला चैलेंज देते हुए कहा है कि अगर वह राजनीति करना चाहते हैं तो अपनी राजनीतिक पार्टी बना लें। इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के डीजी मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी का नाम लेकर उनपर निशाना साधा।

**सेना पर जमकर बरसे इमरान**

जेल से रिहा होने के बाद इमरान खान ने लाहौर में अपने आवास पर एक जनसभा को संबोधित किया। बता दें कि पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के चीफ मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने हाल ही में इमरान खान को अपने एक बयान में 'पाखंडी' कहा था। इस पर निशाना साधते हुए इमरान खान ने कहा कि 'सुनो मिस्टर डीजी आईएसपीआर....तब आप पैदा भी नहीं हुए थे, जब मैं दुनिया में देश का प्रतिनिधित्व कर रहा था और इसका नाम रोशन कर रहा था। तुम्हें, मुझे पाखंडी कहने पर शर्म आनी चाहिए।'

**राजनीतिक पार्टी क्यों नहीं बना लेती सेना**

इमरान ने कहा कि 'आप राजनीति कर रहे हैं तो आप अपनी



राजनीतिक पार्टी क्यों नहीं बना लेते। आपको किसने अधिकार दिया कि आप मेरे ऊपर इस तरह के आरोप लगाएं। ऐसा बोलते हुए कुछ तो शर्म करो।' पीटीआई चीफ ने कहा कि 'जब वह प्रधानमंत्री थे तो सेना की छवि अच्छी थी लेकिन जब तत्कालीन आर्मी चीफ ने मेरी पीठ में छुरा घोंपा और पाकिस्तानी के सबसे भ्रष्ट लोगों को सत्ता में लेकर आए तो लोगों ने सेना की आलोचना करना शुरू किया। सेना की आलोचना मेरी वजह से नहीं बल्कि पूर्व आर्मी चीफ की वजह से हो रही है।'

**'ईस्ट पाकिस्तान जैसी ज्यादती हो रही पीटीआई पर'**

बीते दिनों इमरान खान की गिरफ्तारी पर पाकिस्तान में जमकर हिंसा हुई थी। इसे लेकर इमरान खान ने कहा कि हमले में अज्ञात लोग शामिल थे लेकिन सरकार ने पीटीआई नेताओं और पार्टी के 3500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टियां नहीं चाहती कि हम चुनाव लड़ें, इसलिए हमारे खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि ईस्ट पाकिस्तान (बांग्लादेश) की तरह उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ छापेमारी और गिरफ्तारियां हो रही हैं। इमरान खान ने कहा कि देश में न्यायपालिका ही उम्मीद की आखिरी किरण है। सरकार मीडिया पर नियंत्रण कर रही है और सोशल मीडिया को भी बैन किया जा रहा है।

## रूस के 4 मिलिट्री एयरक्राफ्ट्स पर अटैकः यूक्रेन बॉर्डर के पास मार गिराए गए सुखोई फाइटर जेट्स, यूक्रेन बोला- ये कर्मों का नतीजा

**इस्लामाबाद।** रूस के दो जेट्स और 2 हेलिकॉप्टर को यूक्रेन के बॉर्डर के पास मार गिराया गया है। इनमें Su-34 फाइटर बॉम्बर, Su-35 फाइटर जेट और 2 Mi-8 हेलिकॉप्टर शामिल हैं। ये अटैक यूक्रेनी बॉर्डर से सटे ब्रांस्क क्षेत्र में हुआ। चारों एयरक्राफ्ट्स को एक साथ निशाना बनाया गया। हालांकि, यूक्रेन ने इस अटैक की जिम्मेदारी नहीं ली है।

चारों एयरक्राफ्ट्स एक रेडिंग पार्टी का हिस्सा थे और यूक्रेन के चेर्निहाइव क्षेत्र में मिसाइल और बॉम्ब अटैक के लिए जा रहे थे। कॉमरसैन्ट न्यूज साइट के मुताबिक, इस अटैक में 4 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। रूसी स्टेट मीडिया एजेंसी टास ने भी एक आपातकालीन सेवा के अधिकारी के हवाले से कहा- एक रूसी हेलिकॉप्टर के इंजन में आग लगने के कारण यह ब्रांस्क क्षेत्र में



दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, इसमें अटैक या सुखोई फाइटर जेट का कोई जिक्र नहीं किया गया।

**रूसी मीडिया पर अटैक का वीडियो वायरल**

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के सीनियर एडवाइजर मिखाइलो पोडोलिक ने कहा- रूसी मिसाइल यूक्रेन पर अटैक के लिए आ रही थी। लेकिन तभी कुछ लोगों ने उसे मार गिराया। ये कर्मों का फल है। एक और अपराध होने से पहले हत्यारे एयरक्राफ्ट मार गिराए गए। रूस के एक टेलिग्राम चैनल पर एयरक्राफ्ट को मार गिराने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें आसमान में उड़ रहे एक एयरक्राफ्ट में पहले ब्लास्ट होता है और फिर आग लग जाती है। दूसरी तरफ, शनिवार को रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि यूक्रेनी एयरक्राफ्ट ने रूस के लुहांस्क में 2 इंडस्ट्रियल साइट्स को निशाना बनाया। यूक्रेन ने इस हमले में ब्रिटेन की लंबी दूरी वाली क्रूज मिसाइल का इस्तेमाल किया। अटैक में रूस के 2 लोग घायल हुए हैं। हालांकि, यूक्रेन ने इस हमले की पुष्टि नहीं की। कुछ दिन पहले भी यूक्रेन ने रूस की किंझल हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराने का दावा किया था। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक, उन्होंने रूस की सबसे एडवांस हाइपरसोनिक मिसाइल 'किंजल' को अमेरिका के पैट्रियट डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया था। एयरफोर्स के प्रवक्ता युरी इहनात ने कहा था- रूस कह रहा था कि अमेरिका का पैट्रियट मिसाइल सिस्टम पुराना और रूस के हथियार पूरी दुनिया में सबसे बेहतर हैं।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में छह सैनिकों की मौत, छह आतंकवादी भी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गयी जबकि छह आतंकवादी भी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। सेना के बयान के मुताबिक विद्रोहियों ने प्रांत के मुस्लिम बाग इलाके में एक अर्धसैनिक अग्रिम कोर परिसर पर हमला किया, जिससे बंधक की स्थिति पैदा हो गई। सेना का अभियान को आतंकवादियों के शुरुआती हमले को नाकाम करने के बाद शुरू हुआ और शनिवार की सुबह पूरा हुआ। पाकिस्तानी सेना ने कहा, '' भारी हथियारों से लैस परिसर में मौजूद सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है। '' प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी सेना के छह सैनिकों और एक नागरिक की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## इजराइल-फिलिस्तीन के बीच मिस्र ने कराया सीजफायरः हफ्ते भर चली हिंसा में 33 फिलिस्तीनियों की मौत, इस्लामिक जिहाद ने दागे हजार रॉकेट

**वाशिंगटन।** इजराइल और फिलिस्तीन के इस्लामिक जिहाद संगठन के बीच मिस्र ने सीजफायर कराया है। हफ्ते भर तक चली हिंसा में फिलिस्तीन के 33 लोगों की जान चली गई, जिसमें 12 आम नागरिक भी शामिल थे। वहीं, इस्लामिक जिहाद संगठन ने इजराइल पर मानेंगे जब तक इजराइल हमला नहीं करता है। इजराइल ने अटैक किया तो हम भी शांत नहीं रहेंगे।

इजराइल की मिलिट्री ने अलजजीरा को बताया की वो सीजफायर का आंकलन कर रहे हैं। इसमें प्रधानमंत्री नेतन्याहू और डिफेंस मिनिस्टर योआव गैलांट भी शामिल होंगे। इस दौरान मिलिट्री के इंटेलिजेंस अधिकारी दोनों को सिचुएशन की पूरी जानकारी देंगे।

**इजराइल की एयर रेड से शुरू हुई हिंसा**

मंगलवार को इजराइल की एयर रेड में इस्लामिक जिहाद के 3 टॉप कमांडर मारे गए थे। इसके बाद बदले की कार्रवाई में फिलिस्तीन की तरफ से लगातार रॉकेट दागे गए थे। इसमें इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के अलावा आम लोगों की भी जान गई थी। कई घर भी तबाह हुए थे। वहीं, इस्लामिक जिहाद के फायर किए गए रॉकेट में एक 80 साल की इजराइली महिला की भी मौत हो गई।



**क्या है फिलिस्तीन का इस्लामिक जिहाद संगठन**

फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद संगठन को 1981 में बनाया गया था। इसकी शुरुआत मिस्त्र में पढ़ने वाले फिलिस्तीनी लड़कों ने की थी। ये वेस्ट बैंक, गाजा और इजराइल के कब्जे वाले इलाकों में फिलिस्तीन का कब्जा चाहता है। इजराइल इस संगठन को ईरान का साथी बताता है। जो इजराइल को तबाह कर देना चाहते हैं। इस्लामिक जिहाद संगठन फिलिस्तीन को आजादी दिलाने वाले दूसरे बड़े संगठनों की तुलना में छोटा है। इसे ईरान से फंडिंग मिलती है।

**इजराइल और फिलिस्तीन के बीच क्यों है विवाद**

मिडिल ईस्ट के इस इलाके में यह संघर्ष कम से कम 100 साल से चला आ रहा है। यहां वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और गोलन हाइट्स जैसे इलाकों पर विवाद है। फिलिस्तीन इन इलाकों समेत पूर्वी यरुशलम पर दावा जताता है। वहीं, इजराइल यरुशलम से अपना दावा छोड़ने को राजी नहीं है। गाजा पट्टी इजराइल और मिस्त्र के बीच में है। यहां फिलहाल हमास का कब्जा है। ये इजराइल विरोधी समूह है। सितंबर 2005 में इजराइल ने गाजा पट्टी से अपनी सेना वापस बुला ली थी। 2007 में इजराइल ने इस इलाके पर कई प्रतिबंध लगा दिए। फिलिस्तीन का कहना है कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना हो।

## 'आतंकियों से बात कैसे कर सकते हैं?', इमरान खान समर्थकों की हिंसा पर भड़के बिलावल भुट्टो

**इस्लामाबाद।** पीटीआई चीफ इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने जो हिंसा का तांडव किया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा है कि इन राजनीतिक आतंकियों से कैसे बात की जा सकती है? भुट्टो ने कहा कि 'हम हमेशा बातचीत करने के समर्थक रहे हैं और हम अपने सहयोगियों को भी इसके लिए राजी कर सकते हैं लेकिन इन आतंकियों के साथ कैसे बातचीत कर सकते हैं? हम सिर्फ उन्हीं के साथ बातचीत कर सकते हैं जो आतंकवाद की निंदा करें और अपने आप को इन राजनीतिक आतंकियों से अलग करें।'

**न्यायपालिका को भी घेरा**

भुट्टो ने न्यायपालिका की भी आलोचना की और कहा कि देश में न्यायपालिका जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हो गई है। एक जनसभा के दौरान पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता बिलावल



भुट्टो ने कहा कि 'जब हम देश में लोकतंत्र लागू लाते हैं तो न्यायपालिका जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हो जाती है। वहीं जब देश में तानाशाही रहती है तो न्यायपालिका शांत रहती है। अब एक बार फिर न्यायपालिका जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हो रही है।' बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को उनके खिलाफ चल रहे कई मामलों में जमानत दे दी है। यही वजह है कि भुट्टो ने न्यायपालिका को निशाने पर लिया।

**पीटीआई पर लग सकता है बैन**

पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि ऐसे हथियारबंद संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सनाउल्लाह ने कहा कि पीटीआई चीफ का उद्देश्य सिर्फ देश में अराजकता फैलाना है। बता दें कि बीते दिनों पीटीआई चीफ इमरान खान को अल कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद पीटीआई समर्थकों ने पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर हिंसा हुई और आठ लोगों की मौत भी हो गई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इमरान खान को रिहा कर दिया गया था।

## भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की पहली मंत्रिस्तरीय बैठक ब्रसेल्स में मंगलवार को

**नई दिल्ली।** भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) की पहली मंत्रिस्तरीय बैठक मंगलवार, 16 मई को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होगी। इस बैठक में रणनीतिक प्रौद्योगिकियों, डिजिटल संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार और निवेश में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर बैठक में शामिल होंगे। वहीं, यूरोपीय संघ की अगुवाई उसके कार्यकारी उपाध्यक्ष डोंब्रोव्स्की और वेस्टेगर करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में तीन कार्य समूह दोनों पक्षों के बीच भविष्य के सहयोग के लिए रिपोर्ट पेश करेंगे। पहला कार्य समूह सामरिक प्रौद्योगिकियों, डिजिटल शासन और डिजिटल संपर्क से संबंधित है। दूसरा कार्य समूह हरित और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों से जुड़ा है, जबकि तीसरा कार्य समूह व्यापार, निवेश तथा लचीली मूल्य श्रृंखलाओं से संबंधित है। बयान के मुताबिक बैठक में भारत में निवेश की आगे की योजनाओं के साथ-साथ भारत में बेल्जियम के उद्यमों के आर्थिक परिदृश्य पर चर्चा होगी। इसके अलावा तीनों भारतीय मंत्री बेल्जियम के प्रधानमंत्री के साथ-साथ यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष से भी मुलाकात करेंगे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।